हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 11 मई 2025



# धरती मां की सूख रही गोद, श्रमदान के जरिये माताएं लांच करेंगी मिशन जल रक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हफीज खान

मदर्स डे स्पेशल

**राजनांदगांव।** रोजमर्रा की भागम-भाग और आधुनिकता की दौड़ में जल संरक्षण में हम काफी पीछे छूट गए हैं। धरती माता की गोद में भरा पानी घटता जा रहा है और जीवन पर संकट बढ़ता जा रहा है। ऐसे में आने वाले कुछ वर्षों में यह समस्या विकराल हो जाएगी। जीवन पर आते इस संकट को देखते हुए माताएं जल संरक्षण का संदेश दे रही है।

मदर्स-डे के अवसर पर पद्मश्री फुलबासन बाई यादव के नेतृत्व में जल और भू-जल स्तर को बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मदर्स-डे के अवसर पर शासन द्वारा चलाए जा रहे मोर गांव मोर पानी महाअभियान पद्मश्री फुलबासन बाई द्वारा चलाए जा रहे नीर और नारी अभियान तथा मिशन जल रक्षा अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां की जा रहा है।

**जिला पंचायत का सहयोग:** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने बताया कि स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा जिला पंचायत के सहयोग से तेजी से घटते जल स्तर को लेकर भविष्य में पानी की समस्या को देखते मिशन जल रक्षा अंतर्गत जल संरक्षण एवं भू-जल संरक्षण हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही मिशन जल रक्षा के तहत जिले में जल संचयन एवं भू-जल संरक्षण हेतु विभिन्न संरचनाओं का निर्माण कर जल संरक्षण क्षमता में वृद्धि की जा रही है।

## जल संरक्षण के लिए तीन अभियान के जरिये जिलेभर में नई पहल, गांवों में बनेंगे सोख्ता गड्ढे

### मदर्स-डे पर माताएं देंगी भेंट

जिला अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की महिला स्व-सहायता समूह की सदस्यों एवं सामुदायिक संवर्गों के माध्यम से श्रमदान के रूप में स्वयं के घरों में सोख्ता गड्ढा निर्माण किया जाएगा। साथ ही ग्राम के विभिन्न सामुदायिक जगहों, जहां पानी जमा होता है, वहां पर भी सोख्ता गड्ढा/लिच पिट निर्मित कराया जाएगा। उक्त कार्य को माताओं द्वारा अपनी अगली पीढ़ी को भेंट के संदेश के रूप में प्रसारित कराया जा रहा है।



### श्रमदान से होगा काम

प्रत्येक ग्राम पंचायतों में उक्त अभियान के तहत जल संचयन एवं भू-जल संरक्षण हेतु उपयुक्त अन्य विभिन्न संरचनाओं जैसे नालों के पास आवश्यकतानुरूप बोरी बंधान एवं उसके पहले सोख्ता गड्ढा तथा अन्य उपयुक्त स्थानों पर रिचार्ज शाफ्ट आदि संरचनाओं का निर्माण श्रमदान कर स्व-सहायता समूह की महिलाओं, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं सरपंच आदि के माध्यम से कराया जाएगा। जिला पंचायत से जारी निर्देशानुसार नाले के बोरी बंधान के पहले बनाए गए सोख्ता गड्ढे में बोल्डर व पत्थर का भराव करना होगा। जिससे सोख्ता गड्ढे का भराव क्षमता अधिक समय तक बना रहे।

# ओवर रेट शराब बिक्री: कंपनी ने पत्र लिखकर कहा था हटाने अफसरों ने वसूली के चक्कर में नहीं की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दुर्ग उड़नदस्ते द्वारा शराब दुकानों में की गई छापामार कार्रवाई में शराब को ओवर रेट बेचे जाने के खुलासे के बाद अब एक सनसनीखेज मामले का भी पर्दाफाश हो गया है। प्लेसमेंट कंपनी ने एक माह पहले चिखली और अर्जुनी शराब दुकानों से लगातार मिल रही शिकायतों के चलते वहां के सुपरवाईजरों को हटाने के लिए आबकारी महकमे को पत्र लिखा था, लेकिन अवैध वसूली के चक्कर में आबकारी अमले ने कंपनी के पत्र पर कोई कार्रवाई ही नहीं की। ओवर रेट में शराब बेचकर आबकारी अमला हर माह लाखों रुपए का व्यारा-न्यारा कर रहा है। राजनैतिक दलों द्वारा लगातार शिकायतें किए जाने के बाद भी दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

उल्लेखनीय है कि दुर्ग उड़नदस्ते ने शुक्रवार को राजनांदगांव जिले की चिखली और अर्जुनी शराब दुकान में दबिश देकर ओवर रेट शराब बेचे जाने का मामला पंजीबद्ध किया है। दोनों ही दुकानों से प्रति बोतल 60 रुपए अधिक वसूले जाने की पुष्टि हुई है। इस मामले के खुलासे के बाद यह भी साफ हो गया है कि आबकारी विभाग द्वारा जिलेभर में ओवर रेट में शराब बेची जा रही है। अफसरों ने हर ब्रांड के लिए बकायदा अवैध वसूली का रेट भी तय कर रखा है। सूत्रों ने बताया कि दुर्ग उड़नदस्ते ने शुक्रवार को जिन दो दुकानों पर कार्रवाई की वहां के सुपरवाईजरों के खिलाफ पिछले लंबे समय से शिकायतें मिल रही थी। प्लेसमेंट कंपनी राजदीप ने पिछले 11 अप्रैल को सहायक आबकारी अधिकारी को एक पत्र भी लिखा था।

जिसमें चिखली शराब दुकान के सुपरवाईजर पर पांच बिंदुओं पर आरोप तय किए थे। पत्र में यह भी उल्लेख है कि सुपरवाईजर द्वारा आडिट में सहयोग नहीं किया जा रहा है। वहीं अवकाश के दिन भी बायोमैट्रिक अटेंडेस एवं रजिस्टर में उपस्थिति दर्ज की गई है। कंपनी ने वहां के सुपरवाईजर को कार्यमुक्त करने कहा था। वहीं अर्जुनी शराब दुकान के भी सुपरवाईजर पर आरोप तय कर उन्हें भी काम से हटाने कहा था, लेकिन आबकारी महकमे ने अवैध वसूली के चक्कर में इन सुपरवाईजरों को काम से ही नहीं हटाया।



### छापे की खबर कर दी लीक

अर्जुनी शराब दुकान के मुख्य विक्रयकर्ता पर छापे की खबर को लीक किए जाने का भी आरोप लगा है। सूत्रों ने बताया कि कंपनी द्वारा पिछले 19 अप्रैल को एक नोटिस जारी की गई है। जिसमें वहां के विक्रयकर्ता पर यह आरोप लगाया है कि उन्होंने सोशल मीडिया में रायपुर उड़नदस्ते की टीम के छापे की खबर को लीक कर जिले के सभी शराब दुकानों के सुपरवाईजरों को अलर्ट रहने कहा था। यह संदेश आल सुपरवाईजर आरजेएन ग्रुप भी भेजा गया था। इस नोटिस के बाद भी आबकारी महकमे ने दोषी विक्रयकर्ता को काम से नहीं हटाया।

### कार्रवाई की भी तैयारी शुरू

जिले में शराब को ओवर रेट में बेचे जाने के मामले की पुष्टि होने के बाद शासन ने आबकारी अमले को जमकर लताड़ लगाई है। सूत्रों ने बताया कि आबकारी महकमे ने आगामी 17 मई को राजधानी में एक बैठक भी आहूत की है। इधर मामले को लेकर सत्ता पक्ष से जुड़े नेताओं ने सीएम से शिकायत की है। वहीं कांग्रेस ने भी आंदोलन का ऐलान कर दिया है। कांग्रेस नेताओं का साफतौर पर आरोप है कि भाजपा को यह बताना होगा कि आखिर अवैध वसूली का हिस्सा किस-किस नेताओं को मिलता है।

# तेंदूपत्ता तोड़ रहे ग्रामीणों पर सूअर का हमला, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



मोहला जिले के पाउरखेड़ा जंगल में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब तेंदूपत्ता तोड़ने पहुंचे ग्रामीणों पर जंगली सूअर ने हमला कर दिया।

घटना शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे की है। पाउरखेड़ा के जंगल में तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए गए ग्रामीणों पर एक जंगली सूअर ने अचानक हमला बोल दिया। हमले में चमर सिंह पिता मंगल सिंह पाउरखेड़ा निवासी 50 वर्षीय समेत कुल चार लोग घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि सभी के पैर, जांघ और हाथों में चोंटे आई है।

घायलों को तत्काल मोहला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां सभी का इलाज जारी है। राहत की बात यह है कि सभी घायल अब खतरे से बाहर है। वहीं वन परिक्षेत्र अधिकारी मोहला मौके पर पहुंचे और घायलों को प्राथमिक सहायता के रूप में एक-एक हजार रुपए की आर्थिक मदद प्रदान की। वन मंडलाधिकारी दिनेश पटेल ने यह भी आश्वासन दिया कि घायलों के इलाज का पूरा खर्च वन विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि तेंदूपत्ता तुड़ाई हो रही है। ऐसे में ग्रामीण जंगलों का रूख ले रहे हैं। ऐसे में जरूरी है सावधानियां बरतने की और वन विभाग को जागरूकता कार्यक्रम चलाने की, ताकि आम नागरिक पत्ता तुड़ाई करते सावधानियां बरतें। साथ ही तेंदूपत्ता तुड़ाई में बीमा भी शामिल होती है। ऐसे में इसका भी लाभ लिया जा सकता है।

वन्य क्षेत्र से सटे इलाकों में इस तरह की घटनाएं होती रहती है। प्रशासन और वन विभाग को चाहिए कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाए, ताकि ग्रामीण बिना डर के अपने दैनिक कार्यों को कर सकें।






## खबर संक्षेप

### सड़क नहीं, संकट में किसान

**डोंगरगढ़।** खुर्सीपार के किसानों की जानकारी के बिना ही उन्हे 9 किमी दूर घोटिया समिति में शामिल कर दिया गया है। उक्त 9 किमी मार्ग में छोटे बडे.वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल है। परेशानी को देखते हुए ग्रामीण लंबे समय से पक्की सडक बनाने की मांग कर रहे हैं। गांव के श्रवन मंडावी, केशव कुमार ने बताया कि जोहरी नाला पर पुल निर्माण के लिए 10 लाख स्वीकृति 2 साल पहले पंचायत को मिल चुकी है किन्तु अब तक निर्माण नहीं हुआ। पेयजल के लिए पांच साल पहले पानी टंकी बन चुकी है लेकिन ग्रामवासियों को अब तक पानी नहीं मिल रहा है। गांव के किसानों को शासन की योजना का भी लाभ नहीं मिल रहा है। इस गांव में कभी भी शासकीय अमला हाल जानने नहीं आता है।

### सट्टा पट्टी लिख रहे तीन आरोपी गिरफ्तार

**डोंगरगढ़।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, एएसपी राहुल देव शर्मा एवं एसडीओपी आशीष कुंजाम के निर्देश पर थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा ने



छिरपानी सुलभ शौचालय के पास लोगों को अंको पर दाव लगाते पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम विकास सिन्हा उर्फ विक्की, कपिल कोंटांगले, मो सादिक उर्फ मन्ना बताया। आरोपी विकास के कब्जे से आठ नग कागज का पन्ना जिसमे अंको के आगे राशि लिखा थाख डाट पेन एवं 1230 रूपए जप्त किया गया। आरोपी कपिल कोंटांगले के कब्जे से सात नग अंक लिखा पन्ना, डाट पेन, 1130 रूपए, आरोपी मो सादिक से अंक लिखा 6 नग पन्ना, डाट पेन एवं 1080 रूपए जप्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

### बेजा वसूली से शिक्षक परेशान

**डोंगरगढ़।** शिक्षा के क्षेत्र में ब्लाक लगातार पिछड़ रहा है। क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने बीईओ, एबीईओ, बीआरसी की नियुक्ति की गई है,परन्तु अधिकारी अपनी जिम्मेदारी में असफल साबित हो रहे हैं। विभिन्न मदों में प्राप्त राशि का अधिकारियों द्वारा दुरुपयोग किया जा रहा है। टीए, डीए बिल के नाम से उगाही कर अपात्र लोगों के नाम से राशि निकाल कर बांटा जा रहा है। शिक्षकों ने बताया आए दिन बाबू अवकाश स्वीकृत करने के नाम से मोटी रकम की मांग करते है। मांग पूरी नहीं करने पर वेतन आहरण नहीं किया जाता। जनप्रतिनिधियों को पता होने के बाद भी मौन हैं।

### मटन मार्केट व्यवस्थित करने की मांग

**डोंगरगढ़।** रेल्वे चौक स्थित मटन मार्केट के व्यापारियों ने चर्च के बाजू बने मटन मार्केट के जर्जर भवन की मरम्मत करने और भगतसिंग चौक स्थित दूसरे मटन मर्केट को रेल्वे चौक पर लगाकर व्यवस्थित करने की मांग की है। इसे लेकर पालिका जनप्रतिनिधि, अधिकारी सहितदुकानदारों में तालमेल बैठाने का प्रयास शुरू हो गया है।

### महिला क्रिकेट टीम में दीपिका शामिल

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित वूमेंस क्रिकेट के चयन



ट्रायल में शहर की दीपिका वर्मा का चयन किया गया है। दीपिका डोंगरगढ़ क्रिकेट अकादमी में 3 वर्ष से प्रशिक्षण ले रही है। रायपुर के चयनकर्ताओं ने उसके आफ स्पिन बालिंग और फील्डिंग को देखते हुए उका चयन 37 संभावितों खिलाड़ियों में किया है। चयनित खिलाड़ियों को रायपुर में प्रशिक्षण दिया जाएगा। दीपिका पहली महिला क्रिकेटर हैं जिसका चयन छत्तीसगढ़ की संभावितों टीम के लिए हुआ है। गौरतलब है कि जिले से दो खिलाड़ियों का चयन प्रदेश टीम के लिए हुआ है जिसमें एक खिलाड़ी डोंगरगढ़ की है।

### 36 मरीजों का उपचार

**डोंगरगढ़।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में 8 मई को त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. सुगंध गांधी ने 36 मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया। वह अपनी सेवाएँ माह के दूसरे गुरुवार को प्रातः 9 से 11 बजे तक देंगी। इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, संजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश मिश्रा, मंत्री महेन्द्र परिहार, सहमंत्री बबलू शांडिल्य एवं ट्रस्टी पीताम्बर स्वामी, प्रकाश बिंदल, संजीव गोमास्ता उपस्थित थे।

### छात्रों का विकास ही शिक्षा नीति का उद्देश्य

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती के



निर्देशन में विज्ञान संकाय एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में कंटीन्यूअस प्रोफेशनल डेवलपमेंट विषय पर पांच दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। संकाय विकास कार्यक्रम के पहले दिन उच्च शिक्षा संचालनालय के ओएसडी डॉ. डीके श्रीवास्तव शामिल हुए। स्वागत के बाद वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष अविनाश सिंह ने डॉ. श्रीवास्तव का परिचय दिया। कार्यक्रम में डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि नई शिक्षा नीति जो 1986 से लागू है को आगे बढ़ते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाया गया है जिससे सभी राज्यों में एक समान शिक्षा को प्रसारित किया जा सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य हॉलिस्टिक एजुकेशन रचनात्मक वैल्यू एवं एथिक्स समन्वय नेतृत्व क्षमता तथा छात्रों में अनुसंधान के गुण विकसित करना है। कार्यक्रम में प्राध्यापक, कर्मचारी एवं एनईपी के ब्रांड एम्बेसडर छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। संचालन प्रभात बैस एवं आभार प्रदर्शन जीके यादव ने किया।

## व्यवस्था सुधारने को लेकर अधिकारी गंभीर नहीं

# नासूर बनी यातायात व्यवस्था फैसलों पर अमल चुनौतीपूर्ण

## नागरिक परेशान, आए दिन हो रही दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

राजनीतिक दखल और प्रशासनिक अक्षमता के चलते नासूर बनी शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए शनिवार को जनप्रतिनिधियों, व्यापारी संघ और अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहमति बनी, लेकिन क्रियान्वयन होने पर अभी संदेह और कई व्यवहारिक अड़चनें दिख रही है।

उल्लेखनीय है कि डोंगरगांव-चौकी मार्ग सहित बाजार एरिया, रविशंकर मार्केट, सदर लाईन सहित अन्य क्षेत्रों में वाहनों के अस्त व्यस्त खड़े रहने और पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से आए दिन हादसे होते रहते हैं वहीं आवाजाही को लेकर विवाद के हालात बन जाते हैं। गौरतलब है कि वार्ड 4 स्थित व्यवसायिक परिसर के दुकानदारों ने प्रशासन को धत्ता बताते हुए चबूतरा पर कब्जा जमा रखा है साथ सड़क तक सामान फैला कर रखने लगे हैं जिससे बाबूलाल हार्डवेयर से एजाज मंजिल तक जाम के हालात बन जाते हैं। इसी प्रकार चंडी मंदिर से श्री राम द्वार तक दुकानें सड़क तक आ गई है। ऐसा ही हाल रविशंकर मार्केट का भी है।

### सड़क पर वाहनों की पार्किंग

शहर सीमा की सड़क के चौड़ीकरण के बाद कई जगहों पर वाहनों की पार्किंग के लिए जगह नहीं बची है। गौतम जलपान गृह के सामने सहित अन्य स्थानों पर दो पहिया वाहन आदि सड़क पर खड़े होने से यातायात बाधित होती है। यहां यह बताना जरूरी है कि हाल के दिनों सदर लाईन में दो तरफ वाहनों के खड़े रहने के बाद एक बालिका एक अन्य वाहन की चपेट में आ गई थी। वहीं मुख्य मार्ग पर बने डिवाईडर से कई लोग चोटिल हो चुके हैं। इसी प्रकार पुराने बस स्टैंड में यात्री वाहन सहित अन्य सड़क किनारे खड़े होते हैं। कुछ माह पहले एक महिला के बस की चपेट में आने के बाद बसों को नीचे खड़ा करने का प्रबंध किया गया था किन्तु कुछ दिनों बाद स्थिति जस के तस हो गई है।




### निर्णय हुआ पर तैयारी नहीं

बैठक में नगर में यातायात को सुगम बनाने के लिए अव्यवस्थित बाजार को व्यवस्थित करने और सड़क किनारे अस्थायी रूप से कारोबार कर रहे हांडी पसारा के व्यापारियों का इंदिरा गार्डन में पुनर्वास करने का निर्णय जरूर लिया गया किन्तु पसरा सहित पेयजल आदि को लेकर अपेक्षित प्लान नहीं बनाया गया है। इसी प्रकार पुराने हॉस्पिटल से अनिल टावरी के मकान तक सड़क किनारे से बाधा को हटाना तय किया गया। सवाल यह है कि रेस्ट हाऊस के सामने काबिज फल दुकानदारों को कहां व्यवस्थित किया जाएगा? इन दुकानदारों का पूरा धंधा मार्ग से गुजरने वाले लोगों पर निर्भर है।

### वाहनों के प्रवेश पर रोक

भारी वाहनों से प्रभावित होने वाली व्यवस्था को देखते हुए सुबह 10 से शाम 6 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाना तय किया गया। उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना वसूल वसूला जाएगा। निर्णय जनहित में लिए गए हैं, लेकिन ज़मीनी हालात को देखते हुए अमल होने पर संदेह है। शहर में यातायात पुलिस बल न होने से जुर्माना वसूली कठिन हो सकती है।

### भिड़ते रहे जनप्रतिनिधि

बैठक में कुछेक मौके ऐसे भी आए जब जनप्रतिनिधि एक दूसरे को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश में लगे रहे। एक मामले को लेकर पूर्व पार्षद ने नगर पंचायत के अधिकारी की जमकर क्लास लिया। कुछ लोगों ने सड़क चौड़ीकरण के मापदंड पर सवाल उठाते हुए एकरूपता से काम कराने की बात रखा।

## सेजेस में प्रवेश के लिए निकाली लॉटरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

- पालकों ने भी निकाला पर्ची
- पारदर्शी चयन से अभिभावक प्रसन्न

नगर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रवेश के लिए लाटरी निकालकर कक्षा पहली सहित अन्य कक्षाओं के लिए छात्रों का चयन किया गया। चयन प्रक्रिया राज्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरा किया गया। प्राचार्य पवन कुमार ददरिया ने बताया कि प्रवेश के लिए कुल 88 छात्र-छात्राएं पात्र पाए गए थे, जिसमें लॉटरी के माध्यम से छात्रों का चयन किया जाना था।

चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए बीईओ रमेन्द्र डटसेना और शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष संजय राजपूत उपस्थित थे और उन्होंने लॉटरी प्रक्रिया का संचालन किया। इस दौरान अभिभावकों को भी लॉटरी प्रक्रिया में शामिल होने का अवसर मिला। पालकों ने पर्चियां निकालकर चयन प्रक्रिया को विश्वसनीय बनाया। कक्षा पहली की 50 सीटों के लिए लॉटरी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया।

इसके अतिरिक्त कक्षा छठवीं, आठवीं और नौवीं की रिक्त 2-2 सीटों के लिए भी लॉटरी निकाला गया। प्राचार्य श्री ददरिया ने बताया कि चयनित छात्रों के अतिरिक्त 10 प्रतिशत की वेटिंग लिस्ट जारी की गई है। वेटिंग लिस्ट में उन छात्रों को शामिल किया गया है, जिनका नाम पहली सूची में नहीं आ सका है। चयनित छात्र प्रवेश नहीं लेते हैं, तो वेटिंग लिस्ट के छात्रों को अवसर दिया जाएगा।

## चुनिंदा स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण

**एलबी नगर।** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन एवं जिला प्रशासन ने चयनित स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद शासकीय हिन्दी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आयोजित किया। दो पाली में आयोजित



प्रशिक्षण में संकुल के स्वयंसेवी और शिक्षक शामिल हुए। प्रथम फाउंडेशन के मास्टर ट्रेनर तेजेश्वर मेश्राम ने प्रशिक्षण के उद्धेश्य और कंटेंट की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समर कैंप के माध्यम से आनंदमय वातावरण के साथ खेल खेल में बुनियादी दक्षता बच्चों को हासिल कराना है। 6 सप्ताह की कार्ययोजना के साथ स्वंय सेवकों को डाटा एंट्री की जानकारी दी गई। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य केआर.चंद्रवंशी, के मिश्रा, पीडी साहू, श्री यदु, मनोज, रघुनंदन चंद्रवंशी, श्री मेश्राम उपस्थित थे। संकुल प्राचार्य श्रीमति मिश्रा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करने स्वयंसेवकों के पास सुनहरा अवसर है और इसमें अधिकाधिक भागीदारी करना होगा।

### शारीरिक शोषण के आरोपी को सजा

**डोंगरगढ़।** आरोपी सुनील कंवर पिता संतराम कंवर को धारा 376 (2) एन एवं धारा 67 ए सूचना प्रद्यौगिकी अधिनियम 2008 के तहत दोषी पाते हुए क्रमशः 10 वर्ष एवं 2 वर्ष का सश्रम कारावास तथा क्रमशः 1000-5000 रूपए अर्थदंड से दंडित करने का आदेश न्यायालय ने पारित किया है। आरोपी सुनील कंवर पिता संतराम कंवर ष निवासी ग्राम चिदो पर पीड़िता को शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध स्थापित करने, अश्लील विडियो बनाकर प्रसारित करने का आरोप लगा था। जांच तथा साक्षियों के कथन के आधार पर आरोप प्रमाणित पाए जाने पर माननीय अपर सत्र न्यायाधीश प्रतिभा वर्मा ने अभियुक्त सुनील कंवर को धारा 376 (2) (एन) एवं धारा 67 ए सूचना प्रद्यौगिकी अधिनियम 2008 के तहत दंडित करने का आदेश पारित किया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति मे पृथक से 3 माह का सश्रम कारावास का आदेश दिया है। इस प्रकरण मे अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक ज्योति सोनवानी ने पैरवी किया।

## घर में लगी आग, मौके पर तुरंत पहुंचे नगर अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर के वार्ड 5 रानी बगीचा स्थित एक घर में अपरान्ह लगभग 3 बजे आग लग गई। नगर अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह की त्वरित पहल और दमकल विभाग की मदद से आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार नगर अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो जब कन्या स्कूल के पास स्थित अपने फार्म हाउस से नगर पंचायत जा रहे थे, तब उन्होंने हॉस्टल के पीछे स्थित थन्नू गंधर्व के घर से धुंआ उठते देखा। अधिक धुंआ देखकर आगजनी की आशंका होने पर वह मौके पर पहुंचे तब उन्हें आग लगने की जानकारी हुई। श्री खुशरो ने तत्काल दमकल को सूचित किया और स्वयं आग बुझाने जुट गए। इस दौरान घर के अंदर रखा एक सिलेंडर फट गया और कवेलू जल गए। हालांकि दमकल कर्मियों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। आग से हुए नुकसान का अभी तक अनुमान नहीं लगाया जा सका है।

### जनहानि नहीं

बताया जाता है कि घर मालिक थन्नू गंधर्व रोजी-मजदूरी करने रायपुर गया है। उसकी पत्नी भी किसी काम से बाहर थीं। आगजनी के दौरान उनका बेटा चन्द्र कुमार सोया था, जबकि उसकी पत्नी पड़ोस में बैठी थी। समय रहते आग पर काबू पाने से जनहानि नहीं हुई है। पीड़ित परिवार को तत्काल राहत पहुंचाने के उद्धेश्य से नगर अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह ने वन विभाग से संपर्क कर बांस-बल्ली उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने राजस्व विभाग से मौका मुआयना कर क्षतिपूर्ति दिलाने कहा है। नगर अध्यक्ष श्री खुशरो ने बताया कि रानी बगीचा में अधिकतर घर खपरैल वाले है जिसमे अधिकतर लोग पैरा डाले हुए है। समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आसपास घरों तक आग फैल सकती थी। आगजनी से थन्नु गंधर्व का पूरा घर जल गया है। पटवारी मूल्यांकन के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि कितना नुकसान हुआ है।

## बेहतर रहा टप्पा स्कूल का परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

उच्चतर माध्यमिक शाला टप्पा का परीक्षा परिणाम





उत्कृष्ट रहा। कक्षा दसवीं में 95.08 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त किया। 33 विद्यार्थी प्रथम एवं 25 प्रतिशत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान योगिता सिन्हा, द्वितीय कुसुम, तृतीय स्थान विक्रम सिंह ने हासिल किया।

इसी प्रकार कक्षा 12वीं में 95.45 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त किया। विज्ञान, गणित,वाणिज्य का परिणाम शत प्रतिशत एवं कला संकाय का परिणाम 86.66 प्रतिशत रहा। जानकारी के अनुसार 19 विद्यार्थी प्रथम, 23 द्वितीय स्थान पर रहे। वाणिज्य संकाय में प्रथम दीक्षा वर्मा, द्वितीय रेशमी सिन्हा, तृतीय नीतू सिन्हा, गणित संकाय में प्रथम संदीप नेताम, विज्ञान संकाय में प्रथम विनय कुमार, द्वितीय जयेश जंघेल, तृतीय टालेश साहू, कला संकाय में प्रथम भवानी शंकर वर्मा प्राप्त किया। प्राचार्य जितेंद्र सिंह, परीक्षा प्रभारी हेमंत साहू एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को बधाई दी है।

### दसवीं में हिमांशु सबसे आगे





**साल्हेवारा।** मेधावी छात्र हिमांशु शुक्ला ने 10 वीं बोर्ड परीक्षा में पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में टॉप किया है। पढ़ाई के साथ वह क्रिकेट, फुटबाल, बैडमिंटन का अच्छा खिलाड़ी है। वह राज्य स्तरीय माउन्टेन साइकिलिंग में चयनित होकर स्वर्ण पदक जीत चुका है। हिमांशु हरिभूमि संवाददाता दिलीप शुक्ला का पुत्र है। इसी प्रकार हिंदी माध्यम कक्षा दसवीं मे सेवेंद्र साहू पिता त्रिलोकीनाथ साहू 93.16 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शाला के जतिन शर्मा ने द्वितीय, हिमेश पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंग्लिश मीडियम में दीक्षा वर्मा 82.33 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रही।

### उत्कृष्ट रहा परिणाम

**लाल बहादुर नगर।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर का परीक्षा परीणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा दशम में लकेश सिन्हा, दिव्या रजक, मुस्कान यदु, कक्षा अष्टम में हिमांशु देवांगन, सुमन साहू, कृष्णकुमार यादव, पंचम में निलेश साहू, कंचन साहू, हर्षिका देवांगन ने सर्वोच्च अंक के साथ सफलता प्राप्त किया। सफल छात्र छात्राओं को प्राचार्य ढालचंद यादव, आचार्य भगवानी पटेल, गिरवर सिन्हा, हनुमंत, रमा, जागृति, संध्या, यशोदा सोमेश्वरी वर्मा ने बधाई दिया है।

### नगर में दूसरे स्थान पर रही आयुषी

**डोंगरगांव।** यूनियन पब्लिक हायर सेकण्डरी



इंगलिश मीडियम स्कूल की छात्रा आयुषी पटेल आ मोहन पटेल ने 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक लाकर नगर में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार स्कूल की धावी पटेल ने 76.83, अविनाश साहू 72, यतिन रावटे 69.66 तथा 12 वीं में ज्ञानेश गुप्ता 77.6, दुष्यन्त देवांगन 68 एवं पोहन साहू ने 63 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। छात्र छात्राओं की इस सफलता पर स्कूल के प्राचार्य दुष्यंत साहू ने बधाई दी है।

## सुशासन तिहार में 6435 आवेदनों का निराकरण

**छुईखदान/ गंडई पंडरिया।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप सुशासन तिहार के तहत ग्राम बकरकट्टा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। बकरकट्टा क्लस्टर से कुल 6485 आवेदन में से 6307 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया।

इस दौरान कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिला पंचायत सीईओ प्रेमकुमार पटेल और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया।उन्होंने हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।



### हिमोग्बोलिन कम होना चिंताजनक

कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने कहा कि शिविर में स्वास्थ्य विभाग की जांच से पता चला कि क्षेत्र की महिलाओं का हीमोग्लोबिन स्तर कम है, जो चिंताजनक है। उन्होंने लोगों से पौष्टिक भोजन लेने और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने राशन कार्ड, वन अधिकार पत्र और पट्टों से संबंधित आवेदनों का सर्वे कर नियमानुसार निराकरण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि अब प्रत्येक शिविर में एक समाधान काउंटर स्थापित किया गया है, जहां आवेदनों की स्थिति की जानकारी मिलेगी। जिला पंचायत सीईओ श्री पटेल ने कहा कि सुशासन का अर्थ जनता के हित में कार्य करना और योजनाओं को पारदर्शिता के साथ पहुंचाना है। जनप्रतिनिधियों ने शिविरों की उपयोगिता बताते हुए लोगों से सक्रिय भागीदारी की अपील की।

### मिला योजनाओं का लाभ

समाधान शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। खाद्य विभाग ने 12 लोगों को राशन कार्ड, मत्स्य विभाग ने 2 को जाल, कृषि विभाग ने 5 किसानों को अरहर बीज, उद्यानिकी विभाग ने 13 को सब्जी मिनी किट, पंचायत विभाग ने 5 को जॉब कार्ड और 7 को पीएम आवास योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया। महिला एवं बाल विकास विभाग ने 2 को नोनी सुरक्षा योजना का प्रमाण पत्र, शिक्षा विभाग ने 7 को माइक्रोस्कोप और साइंस किट तथा कृषि विभाग ने 2 को नलकूप पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर जिपं सदस्य हेमलता मांडवी, जनपद अध्यक्ष पुष्पा प्रकाश वर्मा, डोमार कोड़े, सरपंच मगीनबाई पटेल, लीला बाई, खम्हन ताम्रकार, एसडीएम अविनाश ठाकुर, तहसीलदार मोक्षदा देवांगन, जनपद सीईओ रवि कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ई-केवाईसी व आधार आधारित डीबीटी करने का निर्णय

**राजनांदगांव।** लोक शिक्षण संचालनालय नवा रायपुर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों की राज्य छात्रवृत्तियों हेतु लाभार्थियों का ई-केवाईसी एवं आधार आधारित डीबीटी किए जाने का निर्णय लिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल ने जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों व प्रधानपाठकों को विद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों तथा शाला प्रबंधन समिति की बैठकों व पालक शिक्षक बैठक के माध्यम से शासन के निर्देशों के तहत सभी राज्य छात्रवृत्ति का आधार आधारित डीबीटी किए जाने के संबंध में जानकारी देने के निर्देश दिए है। उन्होंने प्रत्येक लाभार्थी का आधार एवं आधार से लिंक बैंक खाते की जानकारी उपलब्ध कराने कहा है।

### प्राक्चयन परीक्षा के मॉडल उत्तर जारी

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन किया गया था। प्राक्चयन परीक्षा का मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित कर दिया गया है। मॉडल उत्तर के संबंध में 15 मई तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग राजनांदगांव में उपस्थित होकर दस्तावेजों (प्रमाण) सहित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बिना प्रमाण के दावा-आपत्ति को पूर्णतः अमान्य कर दिया जाएगा। प्राप्त दावा-आपत्ति के परीक्षण पश्चात विशेषज्ञों द्वारा अंतिम निर्णय लिया जाएगा। दावा-आपत्ति के संबंध में विषय विशेषज्ञों का निर्णय ही अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। डाक द्वारा दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### महाराष्ट्र की मदिरा व दो पहिया वाहन जब्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं एवं परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी जीपीएस दर्दी ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम के लिए होटल, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही सभी वृत्त प्रभारियों को होटल-ढाबों की नियमित जांच और अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में आबकारी विभाग द्वारा टिपानगढ़ से केशवखरी रोड में हेमंत कुमार मंडावी के कब्जे से 15 पाव महाराष्ट्र निर्मित देशी मदिरा संत्री कुल मात्रा 2.700 बल्क लीटर अवैध रूप से दो पहिया वाहन स्कूटी हीरो मेस्ट्रो क्रमांक सीजी-08-एसी-9838 पर परिवहन करते हुए जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया और नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई।

### आरटीओ का शिविर 12 एवं 13 मई को

**कवर्धा।** जिले में 1 अप्रैल 2019 के पहले पंजीकृत सभी प्रकार के वाहनों मोटरसाइकिल, कार, ऑटो, टैक्सी, हल्के व भारी मालवाहक वाहन, बस एवं स्कूल बसों पर एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। इस क्रम में जिले में 12 और 13 मई को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर जिला परिवहन कार्यालय कवर्धा, राणीसती फोटो एवं परिवहन सुविधा केंद्र, लोरमी रोड, पंडरिया तथा निपूर्णा परिवहन सुविधा केंद्र, रेंगाखार कला में लगाए जाएंगे। शिविर में आवेदन करने वालों के नंबर प्लेट की फिटिंग कवर्धा आरटीओ कार्यालय में 14 व 15 मई को, पंडरिया के आवेदनों की ललित मोटर्स हीरो शोरूम पंडरिया में तथा रेंगाखार कला के आवेदनों की फिटिंग तीन दिन बाद शिविर स्थल पर ही की जाएगी।

# हितग्राहियों को राशन, आयुष्मान, श्रमिक कार्ड और लार्निंग लाईसेंस किया वितरित

- ठा. प्यारेलाल स्कूल में समाधान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जनता की समस्या का समाधान करने तथा उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ देने प्रदेश में गत माह से सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के तीसरे चरण में नागरिकों की समस्या का समाधान बताने शहर एवं गांव में शिविर लगाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम राजनांदगांव द्वारा भी वार्डवासियों की समस्या का समाधान बताने वार्डों में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। शनिवार को ठा. प्यारेलाल सिंह स्कूल में वार्ड नं. 15, 16, 17, 18, 19 एवं 23 के लिए शिविर आयोजित किए गए। शिविर में निगम सहित विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया, जहां नागरिकों की समस्या संबंधी आवेदन का समाधान बताया गया।

ठा. प्यारेलाल सिंह स्कूल में महापौर मधुसूदन यादव सहित नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा तथा वार्ड पार्षद टोपेन्द्र सिंह, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले समेत राजा माखीजा, प्रमोद झंझाडे, संगीता देवांगन, आलोक श्रोती, शिव वर्मा, हेमंत शेखर यादव, मोबिन अली उपस्थित थे। महापौर यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरकार एवं जनता के बीच सीधा संवाद करने तथा नागरिकों को शासन की योजनाओं का सीधा लाभ देने सुशासन तिहार 2025 का प्रदेशभर में आयोजन कराया। जिसमें तीन चरण में आवेदन लेने के साथ-साथ उसका निराकरण कर समाधान बताना है। उन्होंने कहा कि वार्डवासियों की समस्या का समाधान बताने 5 से 31 मई तक नगर निगम द्वारा वार्डों के लिए स्कूलों में समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। 6 वार्ड के लिए आयोजित शिविर में सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी प्राप्त आवेदनों का समाधान बता रहे हैं।

नगर निगम आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का द्वितीय चरण में निराकरण कर संबंधित को उनके समाधान बताया गया। साथ ही समाधान को ऑनलाइन अपलोड किया गया। उन्होंने कहा कि आज शिविर में सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी द्वारा समस्या का समाधान बताया जा रहा है। इसके अलावा जिन लोगों ने आवेदन नहीं किया है, उनसे भी आज आवेदन लिया जा रहा है।

#### सुपोषित बच्चों को किया पुरस्कृत

शिविर में अतिथियो ने राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड एवं लर्निंग ड्राईविंग लाईसेंस तथा मातृत्व वंदन योजना के तहत राशि का हितग्राहियों को वितरण किया। साथ ही सुपोषित बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। अतिथियों ने स्टॉल का निरीक्षण कर सभी विभाग में आए आवेदन तथा उसके समाधान की जानकारी ली। शिविर में स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग के माध्यम से उपस्थितजनों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। समाधान शिविर में सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# विकास कार्यों के लिए 82 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 82 लाख 39 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम खुटेरी में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार रुपए, ग्राम धर्मापुर में सीसी रोड निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार रुपए, ग्राम धर्मापुर में सीसी रोड निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार रुपए, ग्राम रीवागहन में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रुपए, ग्राम कोटराभांठा में रंग मंच निर्माण कार्य के लिए 3 लाख रुपए, पार्रीकला में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रुपए, डिलापहरी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रुपए, परमालकसा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रुपए, जंगलेसर में मुक्तिधाम एवं प्रतीक्षालय शेड निर्माण के लिए 4 लाख 79 हजार रुपए, टेड़ेसरा में व्यवसायिक परिसर निर्माण के लिए 15 लाख रुपए, सिंघोला में निर्मलघाट निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार रुपए, भोथीपारखुर्द में रंग मंच निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रुपए, कोपेडीह में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रुपए, इरईकला में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### फांसी पर लटका मिला महिला का शव

**चिल्फीघाटी।** चिल्फी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरोधा दादर के जंगल में पेड़ पर फंदे से महिला का शव लटका हुआ मिला है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना चिल्फी थाना को दी मौके पर पुलिस की टीम ने महिला के शव को पेड़ से उतार कर पीएम के लिए बोड़ला भेजा, जहां महिला के शव का पीएम कर परिजनों को सौंपा गया है। मृतक महिला की नाम सुकरतीन बाई पति रामसिंह उम्र 32 वर्ष है। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में ले लिया है।

# राजनांदगांव खैरागढ़ रोड चौड़ीकरण की स्वीकृति

- रमन के विशेष प्रयासों से शासन से मिली स्वीकृति


**राजनांदगांव।** राजनांदगांव से खैरागढ़ रोड के 34.4 किलोमीटर तक के चौड़ीकरण का कार्य सीआरएफ फंड के स्वीकृत होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के विशेष प्रयासों से राज्य शासन से स्वीकृति मिलने पर अब इस रोड के चौड़ीकरण का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

विदित हो कि लंबे समय से इस मार्ग में विभिन्न उद्योग एवं व्यावसायिक गतिविधियों के साथ-साथ खैरागढ़ कवर्धा के आवागमन



में तेजी आने से लगातार दुर्घटना होने के कारण लंबे समय से नागरिकों ने रोड चौड़ीकरण की मांग प्रस्तावित थी, क्योंकि इस मार्ग में 5.5 मीटर ही सिंगल रोड का निर्माण है, जिसे बढ़ाकर अब 10 मीटर कर दिया गया है। लंबे समय से नागरिकों की मांग पर इस बजट में भी शामिल करवाकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राज्य शासन से स्वीकृति दिलाई। जिससे स्थानीय लोगों में हर्ष व्याप्त है।

# खिलाड़ी रेहान व रूसना को कलेक्टर ने दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूल नेशनल गेम्स के सिल्वर मैडलिस्ट रेहान खान एवं खेलो इंडिया सलेक्ट खिलाड़ी रूसना फरीन को कलेक्टर ने शुभकामनाएं दी।

बिहार में आयोजित खेलों इंडिया यूथ गेम्स वेट लिफ्टिंग खेल में छत्तीसगढ़ प्रदेश से दो वेट लिफ्टर खिलाड़ी का चयन हुआ। चयनित खिलाड़ी जिला राजनादगांव से है। इसके प्रशिक्षक (कोच) अजय लोहार हैं। कोच अजय लोहार ने बताया कि भारत देश में होने यूथ खेलों इंडिया यूथ गेम्स में अंतर्राष्ट्रीय स्तर लेवल के स्टेज मंच मिलता है। जिसमें खिलाड़ी को बहुत कुछ सीखने देखने मिलता है और अंतर्राष्ट्रीय लेवल के स्पोर्ट्स किट भी प्रदान किए जाते हैं, जो खिलाड़ी के लिए बहुत उपयोगी होता है। ये दोनों वेट लिफ्टर खिलाड़ी सुबह 2 घंटे और शाम 2 घंटे प्रतिदिन दिग्विजय स्टेडियम में अभ्यास करते हैं। जिनका प्रतिफल आज इनको मिला।

#### इंफाल में हुआ चयन

जिले के दो वेटलिफ्टर खिलाड़ी का चयन होना खेलो इंडिया यूथ गेम्स जैसे टूर्नामेंट मे होना बड़ी गर्व की बात है। जिनमें रेहान खान 89 भार वर्ग व रुसना फरीन +81 भार वर्ग में प्रदर्शन करेंगे। इनका चयन हाल ही में हुए मणिपुर इंफाल में आल इंडिया नेशनल स्कूल गेम्स से हुआ है। इनके चयन पर जिला शासन-प्रशासन, दिग्विजय स्टेडियम समिति, जय भवानी व्यायाम शाला, जिला वेट लिफ्टिंग संघ के संरक्षक अजय श्रीवास्तव, अध्यक्ष अमित आजमानी, सचिव अशोक श्रीवास, कोषाध्यक्ष बसंत मेंगी, वेट लिफ्टिंग कोच अजय लोहार, अंतर्राष्ट्रीय वेट लिफ्टर जगदीश विश्वकर्मा, अंतर्राष्ट्रीय वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव एवं संघ के पदाधिकारियों ने खिलाड़ी को शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी कोच अजय लोहार ने दी।



## सार समाचार



### राजधानी में कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मुख्य सचिव एसके मिश्रा ने 7 मई को रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस में आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता करते कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को अंतिम वर्ग तक पहुंचाने सामुदायिक स्तर पर स्थानीय शासन को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है। श्री मिश्रा ने कहा कि पहले की तुलना में अब पंचायतों की सोच में बदलाव आ रहा है। अब पंचायतें निर्माण कार्यों के साथ-साथ स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वच्छता को भी प्राथमिकता दे रही है और यह बदलाव महिलाओं की भागीदारी के कारण संभव हो पाया है, जो बेहद सराहनीय है।

मेकार्थर फाउंडेशन के सहयोग से सामुदायिक सहभागिता से स्वास्थ्य सुरक्षा पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन, समर्थन सेंटर फॉर डेवलपमेंट सपोर्ट संस्था द्वारा स्वास्थ्य विभाग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, पंचायत विभाग के साथ मिलकर किया गया। कार्यशाला में 130 से अधिक महिलाएं शामिल हुईए जिन्होंने अपने नेतृत्व से अपने गांवों में स्वास्थ्य, स्वच्छता, पानी और सफाई की सुविधाओं को बढ़ाया है, ताकि उनके गांव का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे।

### फणेश्वरी बनी घुमका समाज सेवक संघ अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** समाजसेवी एवं समाज सेवक के संयोजक संजीव सिंघल ने घुमका की फणेश्वरी साहू को समाज सेवक संघ का अध्यक्ष बनाया। इनकी नियुक्ति पर प्रियांशु सिंघल, स्वाति देवांगन, उमा साहू, नेमिन



देशमुख, लक्ष्मी निषाद, सावन सोनी, प्रमिला साहू, यमला साहू, हर्ष साहू, भीमा साहू, चंद्रहास देवांगन, भूषणलाल देवांगन, चंचल तिवारी, मनीष खंडेलवाल, देवदास साहू, अनामिका सिन्हा, हिमलेश्वरी साहू, योगिता चौरे, थालेश्वरी डेहारी, भूमिका साहू, वंदना सिन्हा, भुवाल प्रसाद लिल्हारे, तारिक ललानी, निशि ध्रुव, पूर्वी साहू, प्राची शर्मा, सरस्वती वर्मा, अर्पित पटेल, तामेश्वर साहू, अश्विनी पटेल, ममता मैथिल, गिरीश साहू, रूपा कंवर, पायल यादव, महेन्द्र बघेल, मोतीलाल रावटे, मनोज, बबीता लहरे, विजय निषाद, आकाश यादव, दिनेश पटेल, दौलतराम साहू, हेमंत ठाकुर, लोकेन्द्र वर्मा, चंचल साहू, खुलेन्द्र साहू, रेवती साहू, संगीता रावटे आदि ने शुभकामनाएं दी।

### महापौर ने रेणुका और नीलम को दी बधाई

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकंडरी स्कूल की परीक्षा में गायत्री स्कूल की रेणुका देवांगन ने मैथ्य



विषय में 91.2 प्रतिशत एवं बखत रेंगाकठेरा की नीलम देवांगन ने आर्ट विषय में 93 प्रतिशत प्राप्त कर शहर तथा जिला को गौरान्वित किया है। इनकी सफलता पर महापौर मधुसूदन यादव ने रेणुका देवांगन के निवास शंकरपुर पहुंच दोनों को शुभकामनाएं दी है।

### पानी की समस्या:सिंटेक्स टंकी लगाने निर्देश

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव गुरुवार सुबह वार्ड नं. 5 व 9 में जल विभाग के प्रभारी सदस्य सुनील साहू तथा पार्षद श्रुति लोकेश जैन एवं अपूर्वा समीर श्रीवास्तव के साथ चिखली एवं शंकरपुरवासियों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने पानी की समस्या के संबंध में चर्चा कर समस्याग्रस्त क्षेत्र में सिंटेक्स टंकी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने चिखली स्कूल मैदान में खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें हॉकी वितरित किए।

### सम्मान समारोह 19 को

**राजनांदगांव।** पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ का तृतीय स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह आगामी 19 मई को रायपुर के वृन्दावन हॉल कबीर चौक रायपुर में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के संबंध में उक्त जानकारी पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं बस्तर संभाग प्रभारी दिनेश नामदेव ने दी।

### सांसद ने किया मां भानेश्वरी देवी का दर्शन

**राजनांदगांव।** ग्राम सिंघोला में प्रदेश स्तरीय मां भानेश्वरी देवी जयंती



महोत्सव में सांसद संतोष पांडे ने मां भानेश्वरी का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान युवा मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र साहू, वक्रतुंड साहू डोमेश्वर साहू, पाशपाल साहू, जितेंद्र कुमार, अभिजीत साहू सहित युवा मोर्चा के साथी रहे।

### 12 को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** राज्य शासन के निर्देशानुसार बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य में 12 मई को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है।

आयुक्त विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्रवाई करते 5 हजार रुपए तक जुर्माना करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने-अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने निर्देशित किए हैं।

### सोमनी स्कूल में उत्कृष्ट रहा बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट

**राजनांदगांव।** शासकीय उ.मा.शाला सोमनी का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम रहा। कक्षा 12वीं में प्रथम श्रेणी में 74 विद्यार्थी, द्वितीय श्रेणी में 44 एवं तृतीय में 2 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कुल शाला का परिणाम 85.7 प्रतिशत रहा। शाला में विज्ञान संकाय में प्रथम कुमकुम 82 प्रतिशत, द्वितीय दिव्यानी 80.4 प्रतिशत तथा छवि 79.4 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। इसी तरह कला संकाय में प्रथम पूजा कौशिक 80.6 प्रतिशत, द्वितीय मोनेश 75.8 प्रतिशत एवं सपना टंडन ने 74.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में प्रथम सुधा सेन 75.8 प्रतिशत, द्वितीय सुजाता 74.6 प्रतिशत तथा टिकेश्वरी ने 72.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान में रही।इसी तरह कक्षा 10वीं में 44 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी व 10 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। शाला में योगिता कुर्रे ने 93.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, ब्रजेश कुमार 90.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा दुर्गेश कुमार ने 89.6 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान में रहे। तीनों विद्यार्थियो सहित मुकेश कुमार, प्रियांश राज साहू, आयुष कुमार साहू, शिल्पी तामस्कर हिना, पूर्वी मानिकपुरी एवं विनय, कुल 10 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर शाला का नाम गौरवान्वित किया।

## खैरागढ़ पुलिस की कार्रवाई, चोरी का मोपेड बरामद

# फेरी वाला बनकर वाहन चोरी बेचने के दौरान आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

फेरी वाला बनकर जनपद कार्यालय के बाहर से वाहन चोरी करने के आरोपी की पतासाजी कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी से चोरी का मोपेड बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 3 अप्रैल को आरोपी द्वारा स्कूटी को जनपद कार्यालय खैरागढ़ पास से चोरी कर ले गया था। जिसकी सूचना पर चोरी की गई स्कूटी का लगातार पता तलाश पुलिस द्वारा किया जा रहा था। इस दौरान पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि कोई अज्ञात व्यक्ति आमनेर नदी पुल के पास स्कूटी को छुपाकर विक्रय करने की बात कर रहा है।




घटना दिनांक को जनपद कार्यालय के पास खड़ी स्कूटी को चोरी कर ले गया था, जिसे आरोपी के कब्जे से बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध घटित करने के सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेश पर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया।

### घेराबंदी कर पकड़ा

सूचना पर थाना स्टाफ व साइबर सेल को रवाना किया गया, जहां आरोपी स्कूटी के पास मिला, जो पुलिस को देखकर भाग रहा था, जिसे घेराबंदी कर पकड़कर खैरागढ़ थाना लाया गया। आरोपी का नाम-पता पूछने पर अपना नाम राजू दास पिता राधेश्याम 37 साल साकिन ग्राम उत्तरकला कला थाना नवरदीप जिला नादिया का होना बताया, जो राजनांदगांव में रहकर फेरी कर कपड़ा बेचने का काम करता है।

# सूने मकान में चोरी तीन पकड़ाए

**राजनांदगांव।** सूने मकान में प्रवेश कर जेवर सहित घरेलू सामान चोरी करने के मामले में जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी सीमंत लाल सेन 53 साल निवासी सांई नगर डोंगरगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि अपने घर में ताला लगाकर सहपरिवार शादी कार्यक्रम में दुर्ग गए थे। इस दौरान 8 मई की रात्रि अज्ञात आरोपी द्वारा घर का ताला तोड़कर अंदर घुसकर घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात सहित लैपटॉप, होम थियेटर, टीवी, सेटअप बाक्स व नगदी रकम 20000 रुपए जुमला कीमती 130000 रुपए को चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर धारा-331(4), 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस के अनुसार इस मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र अपने पुलिस स्टॉफ के साथ अज्ञात आरोपीगण के पता तलाश हेतु जुट गए। अज्ञात आरोपी के पता तलाश घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरा को खंगाला गया।

### चोरी का सामान बरामद

जिस पर संदेही निखिल निवासी कंडरापारा, श्याम ठाकुर उर्फ छोटू निवासी ग्राम बिच्छीटोला हाल बजरंग चौक डोंगरगढ़, श्रवण मटियारा निवासी रामनगर डोंगरगढ़ को हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया। तीनों प्रार्थी के घर में चोरी करना स्वीकार किए एवं चोरी के सामान को आरोपी श्रवण मटियारा के घर में छुपाकर रखना बताया एवं नगदी रकम को खाने-पीने में खर्च कर देना बताया। चोरी के समान को आरोपी श्रवण मटियारा के घर से बरामद किया गया है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड में जेल भेजा गया है।

# चिल्हर की झंझट से बचने क्यूआर कोड का सहारा, एप से बुकिंग पर 3% की छूट

## रेलवे में यात्रियों को मिल रही नई सुविधा, ऑनलाइन हो रही टिकट बुकिंग

### मिलेगी सुविधा

क्यूआर कोड के जरिये डिजिटल पेमेंट करने पर गंतव्य का नाम डालते ही टिकट काउंटर पर क्यूआर कोड के साथ राशि भी आ जाती है, जिसे स्कैन करके डिजिटल पेमेंट किया जा सकता है। पेमेंट से अतिरिक्त रुपए भी नहीं देने पड़ेंगे। वहीं चिल्हर का झंझट भी खत्म हो गया है। कई बार ट्रेन आने की हड़बड़ी के चलते चिल्हर रुपए नहीं होने पर यात्रियों को काफी दिक्कतें होती है। ऐसे में क्यूआर कोड से डिजिटल पेमेंट से चिल्हर देने और चिल्हर नहीं होने पर काउंटर पर एक-दो रुपए छोड़ देने से भी बचत होगी।

### प्रतिशत लोग ही कर रहे पेमेंट

जागरूकता अभियान को लेकर डोंगरगढ़ रेलवे के सीआई कुमार निरंजन सिंह ने बताया कि रेलवे को डिजिटल पेमेंट की ओर आगे ले जाने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । रेलवे 100 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा वर्तमान में 15-20 प्रतिशत लोग ही डिजिटल पेमेंट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब पान ठेला और सब्जी ठेले में डिजिटल पेमेंट हो सकता है, तो फिर लोग रेलवे में डिजिटल पेमेंट करने में पीछे क्यों है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आधुनिकता के दौर में रेलवे भी आधुनिक हो गई है । रेलवे के माध्यम से डिजिटल लेनदेन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। कैशलेस क्यूआर कोड के जरिये भुगतान पर रेलवे यात्रियों को काफी सुविधा मिल रही है । वहीं क्यूआर कोड से पेमेंट पर भुगतान का तरीका भी आसान हो गया है।





रेलवे द्वारा जनरल टिकट से लेकर रिजर्वेशन टिकट तक सभी में डिजिटल पेमेंट की सुविधा दी जा रही है। टिकट काउंटर पर डिजिटल पेमेंट के लिए गंतव्य का क्यूआर कोड फ्लेश होता है और फिर इसके बारकोड के माध्यम से बिना टिकट का दाम पूछे ही भुगतान करने की सुविधा मिलती है । क्यूआर कोड से भुगतान करते समय कोड के बगल ही गंतव्य की टिकट राशि आ जाती है और क्यूआर कोड से स्कैन करते ही मोबाइल पर उक्त राशि दर्ज हो जाती है, जिस पर सरलता से भुगतान किया जा सकता है ।

### एप से बुक हो रहे अनारक्षित टिकट

रेलवे द्वारा अनारक्षित टिकट व्यवस्था को सरल, तेज और कतारों से मुक्त बनाने के उद्देश्य से यूटीएस ऑन मोबाइल एप के माध्यम से बिना लाइन लगाए घर बैठे सभी स्टेशनों के लिए अनारक्षित टिकट, मासिक सीजन टिकट का नवीनीकरण एवं प्लेटफॉर्म टिकट की बुकिंग की सुविधा मिल रहा। डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए आज रेलवे के अधिकारियों ने टिकट काउंटर परिसर में यात्रियों को क्यूआर कोड से पेमेंट करने के लिए जागरूक किया। डिविजनल रेलवे यूजर्स कंसल्टेटिव कमेटी एवं स्टेशन कंसल्टेटिव कमेटी के सदस्यों के सहयोग से यात्रियों को यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के प्रयोग से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई।

### 3 प्रतिशत की छूट

एप के जरिये आर-वॉलेट रिचार्ज करने पर रेलवे अनारक्षित टिकट बुकिंग के लिए 3 प्रतिशत का बोनस दिया रहा है। यह बोनस टिकट बुकिंग करते समय आर-वॉलेट में जोड़ा जा रहा है। जिससे टिकट की कीमत पर छूट मिल रही है। आर-वॉलेट को पेटीएम, ऑनलाइन बैंकिंग या क्रेडिट-डेबिट कार्ड के माध्यम से रिचार्ज किया जा सकता है। आर-वॉलेट से अनारक्षित टिकट बुक करने पर यात्रियों को 3 प्रतिशत की बचत होगी।

# चौथिया बस को ट्रक ने ठोका दर्जनभर से अधिक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़




चौथिया जा रहे बस को ट्रक ने ठोकर मार दिया। जिससे इसमें सवार लोगों में हायतौबा मच गई थी। इस घटना में बस में सवार दर्जनभर से अधिक लोगों को चोंटे आई है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 9 मई को ग्राम जुरलाकला से चौथिया बारात जाने के लिए बस में सवार होकर ग्रामीण ग्राम खैरा घुमका के लिए निकले थे। बस ग्राम खुर्सीपार चौराहा ढाबा के पास पहुंची ही थी कि खैरागढ़ की ओर से डोंगरगढ़ की ओर जा रही ट्रक के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बस को ठोकर मार दिया।

### उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया

जिससे बस में सवार लोगों में हड़कंप मच गया था। इस घटना में बस में सवार लगभग दर्जनभर से अधिक लोगों को चोंटे आई, जिन्हें उपचार हेतु शासकीय सिविल अस्पताल खैरागढ़ में ले जाया गया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी टीभन साहू ने दर्ज कराई है।

### सटटा पटटी, आरोपी गरिफ्तार

**राजनांदगांव।** सट्टा-पट्टी लिखने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने 10 मई को ग्राम अंजोरा तालाब के पास अंकों पर रुपए-पैसे का दांव लगवाकर सट्टा खिला रहे आरोपी हेमंत साहू 27 साल को रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 3 नग सट्टा-पट्टी, 1 नग डॉट पेन व नगदी रकम 1330 रुपए को विधिवत जब्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना सोमनी में धारा छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# अवैध रूप से शराब बिक्री 18 पौवा किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में आरोपी को गिरफतार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने मुखबीर सूचना के आधार पर भेड़ीकला रोड मरघट्टी के पास गठुला में अवैध शराब बिक्री कर रहे आरोपी राकेश उर्फ भूपेन्द्र खरे बोईरडीह के कब्जे से 18 पौवा शोले देशी मदिरा प्लेन कीमती 1640 रुपए व बिक्री रकम 200 रुपए को जब्त किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई किया गया।



उपरोक्त कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक उमेश बघेल, सहायक उपनिरीक्षक इब्राहिम खान, प्रधान आरक्षक समारूराम सर्पा, आरक्षक मनोज जैन, सिन्धु सिन्हा, मिर्जा असलम बेग एवं चौकी चिखली स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

# लॉटरी के माध्यम से 15 को होगा आवास का आबंटन

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस अंतर्गत मात्र किफायती दरों में आवास के लागत मूल्य पर वर्षों से किरायेदारों के रूप में निवासरत परिवारों का अब सपना साकार हो रहा है। उन्हें स्वयं का अपना पक्का आवास मिल रहा है।

प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत नगर निगम सीमाक्षेत्र में सुंदर सुविधायुक्त 1282 बहु मंजिला आवास लखोली, पेंड्री, मोहारा, रेवाड़ीह आदि स्थानों में पूर्ण रूप से निर्मित किया है एवं 648 आवास विभिन्न स्तरों पर निर्माणाधीन है। उक्त आवासों को मोर मकान मोर आस योजना के तहत शासन द्वारा निर्धारित किए गए दरों पर नियमानुसार आबंटित किया जा रहा है। आवास आबंटित करने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया की जा रही है। पूर्व में 167 पात्र हितग्राहियों को आवास का आबंटन किया गया। पात्र आवेदनों में से परियोजना अनुरूप राशि जमा करने पर आवेदकों को लॉटरी में सम्मिलित कर 15 मई को दोपहर 3.30 बजे निगम टॉउनहाल सभागृह में लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटित किए जाएंगे।

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि मोर मकान मोर आस योजनान्तर्गत वर्षो से आवासहीन जरूरतमंद परिवारों को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। पात्र आवेदक परियोजना अनुरूप राशि जमा करने के उपरांत आगामी लाटरी में शामिल हो सकते हैं। आयुक्त ने बताया कि वे आवास जो अभी निर्माणाधीन है, उन निर्माणाधीन आवास के लिए लॉटरी के पूर्व निर्धारित प्रति आवास मूल्य का 10 प्रतिशत एवं शेष राशि 10 माह में किस्तों के रूप में देनी होगी।

# पुरानी रंजिश, चाकू से हमला, तीन पकड़ाए

**राजनांदगांव।** विवाद के चलते चाकू, लाठी व डंडा से युवक पर हमला करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 8 मई को ग्राम भण्डारपुर में रात्रि लगभग साढे 9 बजे प्रार्थी नोकेश्वर चन्द्रवंशी पिता प्रकाश चन्द्रवंशी 42 साल निवासी ग्राम भंडारपुर थाना डोंगरगढ़ के भतीजा व गांव के एक अन्य बालक को 3 विधि से संघर्षरत बालकों द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर लकड़ी एवं बांस के डंडा व धारदार चाकू से जान से मारने की नियत से वार कर दिया। जिससे प्रार्थी के भतीजा को सिर में गंभीर चोंट लगा एवं एक अन्य बालक को भी हाथ, पैर, सिर में चोंट आया। जिसकी रिपोर्ट पर धारा- 296, 115(2), 109, 3(5) बीएनसएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### चाकू-डंडा बरामद

इस मामले में डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा तीनों विधि से संघर्षरत बालकों का पता तलाश कर अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया। पूछताछ करने पर विधि से संघर्षरत बालकों द्वारा मंडई के समय पूर्व में आहतों के साथ विवाद होना। जिसका ग्राम स्तर पर समझौता हो जाना बताया। जिसके कारण बदला लेने के लिए तीनों मिलकर लकड़ी, बांस के डण्डा एवं चाकू से मारपीट करना बताए हैं। घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू एवं लकड़ी व बांस के डंडा को जब्त किया गया है।

# डेम में डूबे युवक का मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वैवाहिक कार्यक्रम में आया एक युवक सांकरदाहरा के पास बने डेम में डूब गया था, जिसे गोताखोर तलाश रहे थे। युवक की लाश आज सुबह मिली है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खुर्सीटिकुल में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए देव कुमार 25 वर्ष गाम उकुवा बालाघाट मप्र से आया हुआ था, जो सांकरदाहर के पास बने एनीकट में कल दोपहर को नहाने के लिए गया था। नहाते वक्त वह पानी में डूब गया। इसकी पुलिस को सूचना होने पर गोताखोर की मदद से उक्त युवक की खोजबीन की गई। आज सुबह फिर दुर्ग से पहुंची एसडीआरफ की टीम व गोताखोर ने पानी में डूबे युवक का शव बरामद किया। पुलिस के अनुसार शव को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

# विश्व रेडक्रास दिवस पर रक्तदान




**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी राजनांदगांव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में विश्व रेडक्रास दिवस एवं विश्व थैलेसीमिया दिवस पर दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास एवं सशक्तिकरण समेकित क्षेत्र ठाकुरटोला में स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र, छड़ी, मोटर चलित साइकिल, घुटने की बेल्ट का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व सचिव भारतीय रेडक्रास सोसायटी राजनांदगांव डॉ. नेतराम नवरतन ने विश्व रेडक्रास दिवस की बधाई दी। उन्होंने बताया कि भारतीय रेडक्रास सोसायटी का भारत में उदय वर्ष 1918 से 1920 में स्पेनिस फ्लू महामारी के दौरान हुआ था तथा संवैधानिक मान्यता 1920 में मिली थी। उन्होंने कहा कि विश्व रेडक्रास दिवस पर रेडक्रास के जन्मदाता सर हेनरी ड्यूनेन्ट को याद किया जाता है।



## कबीरधाम के युवाओं का सपना होगा साकार, भोरमदेव विद्यापीठ बना सफलता की नई पाठशाला

# डिप्टी सीएम ने किया भोरमदेव विद्यापीठ में नि:शुल्क कोचिंग सेंटर का शुभारंभ

- उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर जिले में पहली बार शुरू हुई नि:शुल्क प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग सुविधा।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले के युवाओं के सपनों को साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शनिवार को नगर पालिका कार्यालय के पीछे मंगल भवन राजमहल चौक पर भोरमदेव विद्यापीठ नि:शुल्क पीएससी एवं व्यापम कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया। बालको सीएसआर के अंतर्गत और दिल्ली आईएएस एकेडमी के सहयोग से संचालित इस सेंटर का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत रूप से किया गया।

इस अवसर पर दिल्ली आईएएस एकेडमी के संस्थापक सौरभ चतुर्वेदी, बालको के अधिकारी कर्नल धनंजय मिश्रा, आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल, संयुक्त कलेक्टर दशरथ राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं उपाध्यक्ष पवन जायसवाल सहित गणमान्य जन उपस्थित थें। उद्घाटन के पश्चात उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कोचिंग संस्थान में निर्मित अत्याधुनिक सुविधाओं सहित स्मार्ट क्लास का अवलोकन किया। उन्होंने अध्ययन कक्ष, पुस्तकालय, स्टाफ रूम, कैफेटेरिया सहित संपूर्ण परिसर का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इसके पश्चात पीजी कॉलेज के भव्य ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने चयनित 200 प्रतिभागियों एवं उनके अभिभावकों से आत्मीय संवाद कर भोरमदेव विद्यापीठ के उद्देश्यों, सुविधाओं और उपलब्ध अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला।



### आप सभी में भी वहीं प्रतिभा है: आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगदलपुर आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि मैं भी इसी कबीरधाम की मिट्टी से निकलकर वर्ष 2020 में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में चयनित हुआ और आज बस्तर में आईपीएस पद पर सेवा दे रहा हूँ। आप सभी में भी वही प्रतिभा है। बस अपने सपनों में विश्वास रखिए, कठिन परिश्रम करिए और निरंतर प्रयास करते रहिए। सफलता निश्चित मिलेगी। मैं भी आपके साथ हूँ, मार्गदर्शन के लिए सदैव तैयार हूँ।

### जिले के युवाओं के लिए वरदान साबित होगा: दशरथ राजपूत

संयुक्त कलेक्टर दशरथ राजपूत ने कहा कि भोरमदेव विद्यापीठ जिले के युवाओं के लिए वरदान साबित होगा। अब यहां के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बाहर भटकने की आवश्यकता नहीं है। सही दिशा, अनुशासन और मेहनत से आप सभी प्रदेश में कबीरधाम का परचम लहरा सकते हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर ने अपने संबोधन में कहा कि यह संस्थान केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि युवाओं के मानसिक और नैतिक उत्थान का सशक्त माध्यम बनेगा। कठिनाइयों से घबराए नहीं, बल्कि उन्हें चुनौती समझें और अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहें, सफलता आपका स्वागत करेगी।

### यहां से निकले युवा नई सफलता की इबादत लिखे: सौरभ चतुर्वेदी

दिल्ली आईएएस एकेडमी संस्थापक सौरभ चतुर्वेदी ने अपने संक्षिप्त लेकिन प्रेरक उद्बोधन में कहा कि भोरमदेव विद्यापीठ हमारी संकल्पना का परिणाम है, जहां हम कबीरधाम के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए श्रेष्ठतम मार्गदर्शन, आधुनिक सुविधाएं और नि:शुल्क अध्ययन सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं। हमारा उद्देश्य है कि यहां से निकले युवा नई सफलता की इबारत लिखें और जिले को गर्व का अवसर दें।

उन्होने अपने प्रभावशाली उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जिले में यह कोचिंग सेंटर युवाओं के उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि यह केवल कोचिंग सेंटर नहीं, बल्कि जिले के युवाओं के सपनों को नई दिशा देने वाला केंद्र है। पहले होनहार युवाओं को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, व्यापम और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए रायपुर, बिलासपुर व दिल्ली जैसे शहरों का रुख करना पड़ता था। इससे उन्हें आर्थिक बोझ, मानसिक दबाव और सामाजिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता था।

लेकिन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन सरकार ने इन सभी कठिनाइयों का समाधान करते हुए भोरमदेव विद्यापीठ की स्थापना की है, जहां अब बच्चे अपने ही जिले में उच्च स्तरीय मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसे पाने के लिए लक्ष्य निर्धारण, धैर्य, कठोर परिश्रम और अनुशासन ही सबसे बड़ी कुंजी है। अब समय आ गया है कि कबीरधाम के युवा भी डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी और अन्य उच्च प्रशासनिक पदों पर चयनित होकर प्रदेश और जिले का नाम रौशन करें।

# जिले के छः शिक्षकों को मिली नेशनल लेवल कैपिसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के छः शिक्षक विनोद कुमार चंद्रवंशी (व्याख्याता पीएम श्री सेजेस पिपरिया), डिगेश चंद दिवाकर (व्याख्याता पीएम श्री सेजेस कवर्धा), पवन कुमार साहू (व्याख्याता पीएम श्री सेजेस पंडरिया), रीना पंडित (व्याख्याता पीएम श्री सेजेस बोड़ला), रेणुका टांडिया (व्याख्याता पीएम श्री सेजेस सहसपुर लोहारा) व स्वाती खटकर (व्याख्याता पीएम श्री सेजेस पोंड़ी) ने भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे में नेशनल लेवल कैपिसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग प्राप्त कर जिले का प्रतिनिधित्व किया। पीएम श्री स्टेट प्रोजेक्ट और समग्र शिक्षा, छग के भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे के सहयोग से नेशनल लेवल कैपिसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम आईआईएसईआर पुणे के बालन विज्ञान गतिविधि केन्द्र में संपन्न हुआ। जिसमें जिलें के 6 शिक्षकों सहित राज्य के 132 शिक्षको ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने रसायन, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, विज्ञान और गणित की जटिल अवधारणाओं को सरलता से सिखाने की विधियां सीखी और अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, उडी प्रदर्शनों, तारामंडल और विज्ञान आधारित गतिविधियों का अनुभव प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण न केवल शिक्षकों के ज्ञानवर्धन के लिए उपयोगी रहा, बल्कि आने वाली पीढ़ी को 21वीं सदी के वैज्ञानिक कौशल से लैस करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी सिद्ध होगा। प्रशिक्षित शिक्षक अपने अनुभवों से जिले के शिक्षकों को अवगत कराएंगे जिससे उनके अनुभव का लाभ कवर्धा जिले सहित छत्तीसगढ़ को भी मिलेगा। इस पांच दिवसीय कार्यशाला में शिक्षकों को विशेष एक्टिविटी किट भी प्रदान किए गए। वहीं समापन समारोह में आईआईएसईआर पुणे के निदेशक व्याख्याता सुनील भागवत, डीन व्याख्याता अरणब मुखर्जी और साइंस एक्टिविटी सेंटर की डॉ अपर्णा देशपाण्डे सहित अन्य विशिष्ठ अतिथियों की उपस्थिति रही। साथ ही शिक्षकों को प्रमाण पत्र दिए गए और छत्तीसगढ़ की ओर से बस्तर आर्टवर्क स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## बिजली विभाग की लापरवाही से गया बंदर की जान

**हरिभूमि पोंड़ी।** बिजली विभाग की भारी लापरवाही मूक प्राणियों पर भारी पड़ रही, वहीं 33 केव्हीं हाई टेंशन बिजली करंट के चपेट में आने से एक वन्य प्राणी बंदर की मौत हो गई। एक बार फिर क्षेत्र में विद्युत विभाग की भारी लापरवाही बेजुबान बेसहारा जीवों पर भारी पड़ने लगी है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के समीप एथेनॉल प्लांट में 33 केव्ही हाई टेंशन बिजली तार पेड़ से टकराने से एक बंदर की मौत करंट लगने से हो गई। वहीं स्थानीय लोगों ने मृत बंदर को दफनाया गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार कई बिजली की तार पेड़ से सटा हुआ है, जिसकी जानकारी बिजली विभाग व जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों को दी गई लेकिन विभागीय अधिकारियों की भारी लापरवाही से अभी तक कोई ध्यान व कार्यवाही नही किया गया है।



## खबर संक्षेप

### छात्रा स्नेहा साहू ने कक्षा 10वीं बोर्ड में 91 प्रतिशत के साथ की उत्तीर्ण



**हरिभूमि कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा 7 मई को परीक्षा परिणाम घोषित की गई। जिसमें विकासखंड पंडरिया के ग्राम खैलटुकरी निवासी छात्रा स्नेहा साहू कक्षा दसवी में 91 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होकर स्कूल एवं अपने माता-पिता का नाम रौशन किया। छात्रा स्नेहा अशोक साहू (प्रधान पाठक) शासकीय प्राथमिक शाला बसनी की पुत्री व शांतानंद साहू सहायक शिक्षक की भतीजी है। उनके इस सफलता पर परिवार में भारी खुशी का माहौल है। वहीं क्षेत्र वासियों ने उसकी उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### श्री शर्मा को सिंदूर लगाकर बधाई दी गई

**हरिभूमि कवर्धा।** सीनियर सिटीजन समिति के वरिष्ठ सदस्य आदित्य ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का ऑपरेशन सिंदूर होने पर सिंदूर लगाकर सम्मान किया गया। सम्मान उचित है और यह सम्मान तो उनका पहले ही हो जाना चाहिए था। क्योंकि वे संत परशुराम बनकर प्रदेश को नक्सलवाद से मुक्त करने में पहले से लगे हुए हैं। आज जो सम्मान हुआ है वह तो भारतीय जल, थल व नभ सेना के शौर्य का सम्मान है। भारतीय सेना जिंदाबाद, भारत माता की जय व ऑपरेशन सिंदूर की कार्यवाही हुई जिस पर गृहमंत्री विजय शर्मा को विश्राम गृह में सिंदूर का तिलक लगाकर बधाई दी।

# अवैध मदिरा शराब के विरूद्ध आबकारी विभाग की प्रभावी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

आबकारी विभाग द्वारा लगातार अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में सचिव रजत बंसल एवं आबकारी आयुक्त सह प्रबंध संचालक सीएसएमसीएल श्याम लाल धावड़े एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा अवैध मदिरा शराब व बिक्री पर अकुंश लगाने निर्देश दिए। जिस पर उपायुक्त आबकारी अनिमेष नेताम व जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे द्वारा अवैध शराब के परिवहन-धारण के विरूद्ध शनिवार को आबकारी वृत्त बोड़ला अंतर्गत बोड़ला में गश्त के दौरान अवैध शराब विक्रय एवं धारण की सूचना मुखबिर पर मिली। वहीं आरोपी पुसव राम धुर्वे पिता सोनव राम के निवास पर दबिश दी गई। विधिवत तलाशी लेने पर आरोपी के मकान से कुल 06 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद हुई। मदिरा को मौके पर जप्त किया गया एवं उक्त आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम वर्ष 1915 यथा संशोधित की धारा 34 (1) क, 34 (2) व 59(क) के तहत प्रकरण कायम कर जेल भेजा गया। आबकारी वृत्त बोड़ला प्रभारी अभिनव कुमार रायजादा के नेतृत्व में उक्त कार्यवाही की गई। उक्त दौरान गीता साहू, रामानंद दिवान, विद्या सिंह परमार, जगदीश उईके, अमर पिल्ले, इम्तियाज खान, वाहन चालक डायमंड साहू व राजेश कौशिक का विशेष योगदान रहा।

## उड़द फसल की तैयारियों में जुटे क्षेत्र के किसान



**हरिभूमि बरबसपुर।** गर्मी के मौसम में क्षेत्र के किसानों द्वारा दलहन उड़द की फसल खेतों में हरा-भरा होकर लहलहा रही है। जिससे किसान के चेहरे खुशी से खिले उठे है। विकासखंड कवर्धा के अंतर्गत ग्राम सिंघनपुरी, नेवारी, बरबसपुर सहित आसपास क्षेत्र में ग्रामीण किसान अब दलहन उड़द की फसल की अच्छी पैदावार करने जुट हुए है। ग्रामीण किसानों ने बताया कि क्षेत्र में दलहन उड़द की फसल गर्मी के मौसम में भी भारी उत्पादन किया जा रहा है साथ ही साथ क्षेत्र के किसान अब वैज्ञानिक आधुनिक तरीके से कृषि कार्य करने जुटे हुए है। उड़द की फसल अब खेतों में हरा-भरा होकर लहलहा रही है।

# टीबी रोग व निदान के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

पंडरिया एवं कुकदुर में जन जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से टीबी रोग और निदान की जानकारी संबंधित कार्यकम आयोजन किया गया। जिसमें खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश कुमार प्रेमी के मार्गदर्शन में डॉ प्रशगिना साधु, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक प्रदीप सिंह ठाकुर, वरिष्ठ लैब पर्यवेक्षक जेम्स जॉन, ऋतु बंजारा, सरोज गोयल, जुनैद अहमद, कुसुम सप्रे, होरीलाल यादव, सरिता श्याम द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें 86 लोगों को सीवाई टेस्ट किया गया। कार्यक्रम में एनटीईपी के कर्मचारी उपस्थित थे। सीवाई टीबी टेस्ट का उद्घाटन किया गया बीएमओ पड़रिया द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी के बिना लक्षण वाले मरीजो की पहचान करने अब सीवाई टीबी टेस्ट किया जाएगा। इस टेस्ट में ऐसे मरीजो की पहचान की जाएगी जिनमें टीबी के लक्षण तो नहीं है, लेकिन उनके अंदर इसके बैक्टीरिया है, यह एक संक्रमण टेस्ट है। रिपोर्ट पाजिटीव आने पर ऐसे मरीजों को टीबी की नि:शुल्क 3 एचपी, 6 एचपी (टीपीटी) की दवा दिया जाता है, ताकि भविष्य में इस गंभीर बीमारी से पीड़ति न हो सके। पहले चरण में इस अभियान के तहत टीबी के हाई रिस्क श्रेणी वाले लोगो का टेस्ट किया जाएगा। इसमे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी की उपस्थित रही। इस टेस्ट की शुरूआत विश्व टीबी दिवस के दिन टीबी नियंत्रण कार्यक्रम के तहत की गई। बीएमओ पड़रिया द्वारा बताया गया कि टीबी के बैक्टरिया उस समय अपना असर दिखाता है, जब किसी व्यक्ति की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। इसलिए टीबी के हाई रिस्क वाले लोगो को सीवाई टीबी टेस्ट कराई जा रही है। इसमें किसी के अंदर यदि टीबी के बैक्टरिया है और उसमें लक्षण नहीं है तो उसकी भी पहचान किया जा सकेगा। ऐसे मरीजो को दवा का नि:शुल्क कोर्स प्रदान किया जाएगा दवा के नियमित सेवन से टीबी का संक्रमण पूरी तरह ठीक हो जाता है।



## बैगा पर्यावास अधिकार हेतु पोलमी में जागरूकता शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭कुई कुकदूर

पंडरिया विकासखंड के ग्राम पोलमी में 8 मई को बैगा समुदाय के पर्यावास अधिकार की मान्यता हेतु जन जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसमें 110 बैगा बसाहटों से आए 84 पारंपरिक मुखियाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन आदिवासी समता मंच द्वारा किया गया। संस्था की अनिमा बनर्जी ने बताया कि बैगा समाज की सांस्कृतिक और सामाजिक जानकारी का दस्तावेज तैयार किया गया है, जो पर्यावास अधिकार की प्रक्रिया में सहायक होगा। संयोजक सहेत्तर सिंह धुर्वे ने बताया कि सभी बसाहटों का नजरी नक्शा तैयार कर लिया गया है। बैगा समाज के प्रदेश अध्यक्ष इतवारी राम मछिया ने पर्यावास अधिकार को समुदाय की सांस्कृतिक सुरक्षा के लिए जरूरी बताया। कार्यक्रम में कई प्रमुख बैगा मुखिया व समता मंच के कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## हाई स्कूल भगतपुर का परीक्षा परिणाम 93 प्रतिशत रहा






**हरिभूमि कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा 7 मई को हाई व हॉयर स्कूल की परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल भगतपुर कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 93 प्रतिशत रहा। विद्यालय में कक्षा दसवीं में दर्ज 63 में से 61 छात्राओं ने परीक्षा में शामिल हुए जिसमें 57 विद्यार्थीयों ने सफलता हासिल की। इनमें से 26 प्रथम, 24 द्वितीय व 7 तृतीय तथा 4 अनुत्तीर्ण रहे। वहीं छात्रा भावना चंद्रवंशी 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं विकास यादव 92 प्रतिशत से द्वितीय व अनामिका वर्मा 91 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया। उनकी इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य रामकुमार कौशिक, व्याख्याता श्रीमती शकुन चंद्रवंशी, जोधन प्रसाद चंद्रवंशी एवं शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी तथा शाला विकास प्रबंधन समिति सदस्यों, ग्राम पंचायत भगतपुर के सरपंच कपिल चंद्राकर एवं पालको ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## क्रिकेट प्रतियोगिता में आसपास क्षेत्र के टीम ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया

# फाइनल मुकाबला में भाटकुंडेरा टीम ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सहसपुर लोहारा विकाखण्ड अंतर्गत ग्राम मुंगेलीडीह में जीनियस इलेवन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शनिवार को फाइनल मुकाबला ग्राम भाटकुंडेरा व मुंगेलडीह टीम के मध्य खेला गया, जिसमें भाटकुंडेरा टीम ने शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए मुंगेलीडीह की टीम को हराकर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया।

वहीं विजेता टीम को मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य रोशन दुबे द्वारा प्रथम पुरस्कार 15001 रूपए व शील्ड देकर सम्मानित किया वहीं द्वितीय पुरस्कार 7001 रूपए व शील्ड देकर सम्मानित किया। वहीं मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल व शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हमारा हमेशा प्रयास रहेगा। जिससे क्षेत्र की प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र पदाधिकारी व ग्रामीण जन उपस्थित होकर फाइनल मुकाबला का लुप्त उठाया।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001, मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### आरटीओ का शिविर 12 एवं 13 मई को

**कवर्धा।** जिले में 1 अप्रैल 2019 के पहले पंजीकृत सभी प्रकार के वाहनों मोटरसाइकिल, कार, ऑटो, टैक्सी, हल्के व भारी मालवाहक वाहन, बस एवं स्कूल बसों पर एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। इस क्रम में जिले में 12 और 13 मई को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर जिला परिवहन कार्यालय कवर्धा, राणीसती फोटो एवं परिवहन सुविधा केंद्र, लोरमी रोड, पंडरिया तथा निपूर्णा परिवहन सुविधा केंद्र, रेंगाखार कला में लगाए जाएंगे। शिविर में आवेदन करने वालों के नंबर प्लेट की फिटिंग कवर्धा आरटीओ कार्यालय में 14 व 15 मई को, पंडरिया के आवेदनों की ललित मोटर्स हीरो शोरूम पंडरिया में तथा रेंगाखार कला के आवेदनों की फिटिंग तीन दिन बाद शिविर स्थल पर ही की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन के लिए वाहन का आरसी और आधार की प्रति तथा मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य है ।साथ ही आवेदन के लिए निर्धारित शुल्क 2 पहिया वाहन के लिए 366 रुपया , 3 पहिया वाहन के लिए 427 रुपया, 4 पहिया वाहन के लिए 656 रुपया तथा भारी यान के लिए 706 रुपया देना होगा तथा सीएससी/पीएसके फॉर्म भरने का 50 रुपये शुल्क अलग से देय होगा।

### फांसी पर लटका मिला महिला का शव

**चिल्फीघाटी।** चिल्फी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरोधा दादर के जंगल में पेड़ पर फंदे से महिला का शव लटका हुआ मिला है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना चिल्फी थाना को दी मौके पर पुलिस की टीम ने महिला के शव को पेड़ से उतार कर पीएम के लिए बोड़ला भेजा, जहां महिला के शव का पीएम कर परिजनों को सौंपा गया है। मृतक महिला की नाम सुकरतीन बाई पति रामसिंह उम्र 32 वर्ष है। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में ले लिया है।

### पीएटी व पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा 15 मई को

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ व्यापमं द्वारा इसी माह 15 मई गुरुवार को पीएटी व पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इन दोनों प्रवेश परीक्षा का प्रवेश पत्र व्यापमं के वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। संबंधित अभ्यर्थी इस वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा दिवस को परीक्षार्थी लगभग एक घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहे, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सके व केंद्र में जाने की अनुमति दी जा सके।

### डोम निर्माण के लिए 30 लाख की घोषणा

**कवर्धा।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा कबीरधाम जिले के ग्राम दामापुर अतरीया के दौरे पर पहुंचे। बीते दिनों उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, साहू समाज द्वारा आयोजित 11 कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ में शामिल हुए। उन्होंने श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया और प्रदेश के सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने साहू समाज की मांग पर डोम निर्माण के लिए 30 लाख रुपए की घोषणा किया। दामापुर पहुंचते ही उन्होंने न केवल ग्रामीणों का हालचाल जाना, बल्कि एक स्थानीय होटल में जाकर उनके साथ चाय-नाश्ते का भी आनंद लिया। उनके इस व्यवहार ने ग्रामीणों को यह अहसास कराया कि वे केवल जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि अपनेपन से भरे एक सच्चे जनसेवक हैं।

**अनदेखी:** खस्ताहाल व्यवस्था की भेंट चढ़ गया चार गुठली प्रसंस्करण केन्द्र

# ठगे जा रहे हैं वनोपज संग्रहणकर्ता व्यापारी खरीद रहे गुठली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

हर साल की तरह इस साल भी जिले के पंडरिया क्षेत्र में वनोपज चार गुठली का अच्छा उत्पादन हुआ है लेकिन संग्रहणकर्ताओं की माने तो शासन की अनदेखी और वनोपज को लेकर गंभीरता नहीं होने के कारण उन्हें इसका बाजिब दाम नहीं मिल पा रहा है और वे औने पौने दाम में चार गुठली को व्यापारियों के पास बेंचने मजबूर हो रहे हैं। पंडरिया क्षेत्र से मिली जानकारी के अनुसार हर साल की तरह इस साल भी ग्रीष्म ऋतु की प्रमुख वनोपज चार का प्रचुर मात्रा में उत्पादन हुआ है और संग्रहणकर्ताओं ने इसकी तोड़ाई भी शुरू कर दी है। लेकिन बताया जाता है कि क्षेत्र में वनोपज की खरीदी करने वाले व्यापारियों की सक्रियता के चलते क्षेत्र की लघुपनोपज समितियों ने चार गुठली खरीदने में अपने हांथ खड़े कर दिए हैं क्योंकि शासन ने वनोपज चार गुठली का जो समर्थन मूल्य तय किया है वह काफी कम, मात्र 130 रूपए प्रति किलो ग्राम है जबकि इसी चार गुठली को व्यापारी 200 रूपए प्रति किलो के भाव से खरीद रहे हैं। ऐसे में कोई भी संग्रहणकर्ता लघु वनोपज समिति में चार गुठली नहीं दे रहा है जिसका बेजा फायदा व्यापारी उठा रहे हैं। इसे तो व्यापारियों दरियादिली ही कहें की वे संग्रहणकर्ताओं को शासकीय समर्थन मूल्य 130 से अधिक 200 रूपए प्रति किलो का भाव दे रहे हैं अगर व्यापारी डेढ़ सौ रूपए किलो के भाव से भी चार गुठली की खरीदी करते तब भी शासकीय समर्थन मूल्य से 20 रूपए अधिक होने के कारण संग्रहणकर्ता उपज व्यापारियों के पास ही बेंचते। लेकिन जानकारों की माने तो व्यापारियों को 200 रूपए प्रति किलो के भाव से चार गुठली खरीदने में भी कोई नुकसान नहीं है क्योंकि बाजार में चार चिरौंजी की कीमत करीब 1000 रूपए प्रति किलो है। यहीं वजह है कि व्यापारियों ने चार गुठली की कीमत सरकारी समर्थन मूल्य से अधिक रही है और इसकी खरीदी भी कर रहे हैं। हालांकि सच ये भी है कि आज जो लाभ चार गुठली खरीदने वाले व्यापारी प्राप्त कर रहे हैं वह लाभ सीधे संग्रहणकर्ता भी प्राप्त कर सकते थे और इस दिशा में प्रदेश सरकार ने प्रयास भी किए थे। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि जिले के खस्ताहाल प्रशासन तथा विभागीय व्यवस्था के चलते न तो सरकार की मंशा पूरी हो पा रही है और न ही संग्रहणकार्ताओ को इसका लाभ ही मिल पा रहा है।

### संग्रहणकर्ताओं को नहीं मिल रहा प्रसंस्करण केन्द का




गौरतलब है कि विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल ग्रामों में वनोपज चार गुठली के वृहद उत्पादन को देखते हुए शासन ने वर्ष 2015-16 में ग्राम कुकदुर में चारगुठली प्रसस्करण केन्द्र खोला था। माना जा रहा था कि इस प्रसस्करण केन्द्र के प्रारंभ होने के बाद क्षेत्र के चार गुठली संग्रहणकर्ताओं को जबरदस्त लाभ होगा। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित कवर्धा द्वारा संचालित इस प्रसंस्करण केन्द्र में स्थापना के बाद से ही ताला लटका हुआ है। जानकारों के मुताबिक इस केन्द्र में लगी मशीनों द्वारा चार गुठली का प्रसंस्करण कर उसके बीज निकाली जाती है। जिसका बाजार भाव काफी अधिक है। सरकार की भी यही मंशा थी कि इस प्रसंस्करण केन्द्र के माध्यम से क्षेत्र के वनवासियों को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके और वे वनोपज का सही दाम पा सकें। लेकिन सरकार की यह मंशा खस्ताहाल व्यवस्था की भेंट चढ़ गई। इसी खस्ताहाल व्यवस्था का परिणाम है कि आज क्षेत्र के वनवासी हाड़तोड़ मसक्कत से एकत्र की गई चार गुठली को मौकापरस्त व्यापारियों को बेंचने मजबूर हो रहे है।

### पंडरिया क्षेत्र में चार गुठली का प्रचुर उत्पादन

यहां बताना लाजिमी होगा कि विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल ग्राम कांदावानी, रूखमीदादर, बांसाटोला, टेकरापानी, भाकुर, सेंदुरखार, अजवाईनवाह, महराडवरा, तेलियापानी लेदरा, आगरपानी, भेलकी, फिफलीपानी, बोहिर पानी, पोलमी, पुटपुटा, सेजाडीह, देवानपटपर, टेड़ापानी, अमलीटोला, रोखनी, मुनगाडीह, नागाडबरा, बदौरा, देवसरा सहित अन्य दर्जनों ग्रामों में हर साल चार गुठली का बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है। क्षेत्र के वनवासी संग्रहणकर्ता अच्छी आमदनी की उम्मीद में इन चार गुठली को तोड़कर इसे बेंचने का काम करते हैं। इसके लिए सरकारी व्यवस्था की बात की जाए तो शासन ने चार गुठली का समर्थन मूल्य निर्धारित कर खरीदी का जिम्मा या तो प्राथमिक लघु वनोपज समीति को दिया जाता है या फिर वनविभाग इसकी खरीदी करता है। लेकिन इस वर्ष अभी तक चार गुठली की सरकारी खरीदी कम समर्थन मूल्य के चलते नहीं हो पा रही है।

# उप मुख्यमंत्री ने किया निर्माणाधीन लेहरू बांध का मुआयना

### अधिकारियों व ठेकेदारों को दिए सख्त निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अपने एक दिवसीय प्रवास पर शनिवार को कवर्धा पहुंचे क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जहां जिला मुख्यालय कवर्धा में निःशुल्क भोरमदेव विद्यापीठ कोचिंग का विधिवत शुभारंभ किया वहीं उन्होने अपने प्रवास के दौरान समय निकालकर जिले के विकासखण्ड स.लोहारा अंतर्गत ग्राम बड़ौदाखुर्द के पास निर्मित कराए जा रहे लेहरू बांध का मौका मुआयना तथा निरीक्षण किया।


निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से बांध निर्माण के संबंध में विस्तृत जानकारी ली तथा बांध को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निर्माण कराए जाने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। श्री शर्मा ने इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि इस बहुउपयोगी बांध निर्माण की कल्पना करीब 10 वर्ष पूर्व यही पर बैठकर क्षेत्रीय ग्रामीणों से चर्चा कर की गई थी।

उन्होने कहा कि यह क्षेत्रीय ग्रामीणों के साथ मेरा भी एक सपना था कि यहां एक विशाल बांध का निर्माण हो ताकि क्षेत्र का सिंचित रकबा भी बढ़े और इस पूरे क्षेत्र में व्याप्त पानी तथा पेयजल की समस्या का भी स्थाई समाधान हो सके। जिसके लिए पहले भी प्रयास किए गए थे लेकिन उन प्रयासों को गति नहीं मिल पाई थी। लेकिन आज इस बांध निर्माण के लिए हमारी सरकार ने 84 करोड़ की राशि का प्रावधान किया है जिससे बांध का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। वर्तमान में बंधान में मिट्टी फिलिंग का कार्य चल रहा है लगभग 2 वर्ष में यह बांध बनकर तैयार हो जाएगा।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि इस बांध के निर्माण से क्षेत्र के करीब 17 गांव को सीधा लाभ मिलेगा। इस बांध से न सिर्फ 2 हजार हेक्टेयर की कृषि भूमि की सिंचाई होगी बल्कि क्षेत्र के किसान समृद्ध होंगे। इसी प्रकार भविष्य में इस बांध के जरिए वॉटर ट्रीटमेन्ट प्लांट के जरिए क्षेत्र में व्याप्त पेयजल की समस्या को दूर किया जाएगा। इसके अलावा उन्होने बताया कि हमारी योजना है कि इस प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण स्थल में बांध निर्माण के बाद पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को व्यवसायिक दृष्टिकोण से भी आर्थिक लाभ मिल सके। बांध निरीक्षण के दौरा उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बांध निर्माण में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाशत नही होगी। उन्होने संबंधित विभाग के अधिकारियों व ठेकेदारों को पूर्ण पारदर्शिता के साथ निर्माण कार्य किए जाने के निर्देश दिए।

# पंडरिया पुलिस थाना से चंद कदमों की दूरी पर संचालित दुकानों के टूटे ताले

### अज्ञात चोरों ने नगर की दो मोबाइल दुकानों में किया हाथ साफ




- कानून व्यवस्था को दुरूस्थ कराए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर में अपराध का ग्राफ लगातार ऊपर चढ़ता जा रहा है, जिससे आमजन में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

चौंकाने वाली बात यह है कि चोरी की वारदातें पुलिस थाना से महज कुछ दूरी पर हो रही हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी मामले में ठोस कार्रवाई करने में असमर्थ रही है। जानकारी के मुताबिक बीते शुक्रवार-शनिवार की दरमियानीरात नगर के पंडरिया थाना से कुछ ही दूरी पर कवर्धा रोड एवं महामाया रोड स्थित छाबड़ा मोबाईल की दो दुकानों में अज्ञात चोरों ने धावा बोला और नगदी व सामान पर हाथ साफ कर दिया। दोनो दुकाने एक ही व्यक्ति की बताई जा रही है। घटना की जानकारी दुकानदार को शनिवार की सुबह उस समय हुई जब वह अपनी दुकाने खोलने पहुंचे। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि उनकी दुकानों के शटर के तालों को तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। जिसकी रिपोर्ट थाना में दर्ज करा दी गई है। अब पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गई है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि पंडरिया क्षेत्र में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है यहीं वजह है कि यहां चोर उचक्को, आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के हौसले बुलंद है। स्थानीय पुलिस प्रशासन की लचर व्यवस्था के चलते ही पंडरिया क्षेत्र में जुआ, सट्टा, अवैध शराब बिक्री का कारोबार भी जमकर फलफूल रहा है। जिस पर पुलिस का कोई नियंत्रण नहीं है। स्थानीय लोगों की माने तो अभी हाल ही में नगर के अस्पताल में कार्यरत एक कर्मचारी के घर में हुई चोरी की गुत्थी भी अब तक सुलझ नहीं पाई है, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब थाना से चंद कदमों की दूरी पर ही अपराधी घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो जा रहे हैं, तो नगर के अन्य इलाकों की सुरक्षा की उम्मीद पंडरिया पुलिस से कैसे की जा सकती है।

नगरवासियों ने प्रशासन से अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने, गश्त बढ़ाने और जुआ-सट्टा तथा अवैध शराब बिक्री के अड्डों पर तुरंत कार्रवाई की मांग की है।

# पनेका में समाधान शिविर का आयोजन

### सुशासन तिहार भाजपा सरकार की जवाबदेही, पारदर्शिता और संवेदनशील प्रमाण है : डॉ. वीरेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सुशासन तिहार के तहत शनिवार को पनेका कलस्टर में समाधान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस समाधान शिविर में स्थानीय जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने अपनी उपस्थित दर्ज कराई और शिविर में पहुंचे ग्रामीणों को सुशासन तिहार के साथ शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर श्री साहू ने कलस्टर में शामिल ग्राम पंचायत पनेका, दशरंगपुर, बहरकमुढ़ा, दुधिया, ज्ञानपुर, पेंड्रा, हीरापुर, कोसमंदा, लिटीपुर, बिरनपुर से आए सैकड़ों ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार द्वारा आयोजित समाधान शिविर जनसेवा की एक अनूठी पहल बनकर उभर रहा है। कबीरधाम जिले में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान ने शासन और आम जनता के बीच की



दूरी को पाटते हुए सीधे जमीनी स्तर पर राहत पहुंचाने का कार्य किया है। श्री साहू ने कहा कि प्रदेश में जब जब भाजपा की सरकार रही है सुशासन तिहार रहा है। इस बार भी राज्य सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि ग्रामीण अंचलों में रह रहे प्रत्येक पात्र नागरिक को शासन की योजनाओं का सीधा लाभ मिले। समाधान शिविरों की अवधारणा इसी सोच का परिणाम है, जहां समस्याओं का त्वरित समाधान और योजनाओं का तुरंत क्रियान्वयन प्राथमिकता है। उन्होने कहा कि सुशासन तिहार सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह राज्य सरकार की जवाबदेही, पारदर्शिता और संवेदनशील शासन व्यवस्था का साक्षात उदाहरण है। सरकार की यह पहल, शासन को लोगों के द्वार तक ले जाने का सफल प्रयास साबित हो रही है। जहां ग्रामीण अंचलों में बगैर किसी जटिल प्रक्रिया के आमजन को शासन की मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना, आवास योजना, महतारी बंदन योजना सहित अन्य तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। स्थानीय जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने क्षेत्रवासियों ने समाधान शिविर के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आव्हान किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, जनपद सदस्य प्रतिनिधि सुरेश साहू तामेश्वर साहू मंडल महामंत्री मनोज ठाकुर राजू चंद्रबंशी जनपद सदस्य प्रतिनिधि मनोज बंजारे सरपंच हेमन साहू आत्मा साहू धनेश्वर साहू विजय चंद्राकर कुंभकरण साहू, जनपद सदस्य पीताम्बर चंद्राकर सहित विभागीय अधिकारी, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### नगर सैनिकों की लिखित परीक्षा 22 जून को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

होमगार्ड विभाग में 1715 महिला नगर सैनिकों जिसमें छात्रावास ड्यूटी और 500 नगर सैनिकों की लिखित परीक्षा 22 जून को आयोजित है। मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा 1715 महिला नगर सैनिकों और 500 नगर सैनिकों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 22 जून 2025 को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा ली जाएगी। जिसकी तैयारियां प्रारंभ की जा चुकी है।

### नहीं थम रही लापरवाही...

**कवर्धा।** माल वाहक वाहनो में सवारी ढोने के दौरान जिले में कई हादसे सामने आने और कई लोगों की जान जाने तथा घायल होने के बाद भी न तो वाहन चालकों की लापरवाही थम रही है और न ही यात्री ही माल वाहक वाहनो में यात्रा करने से परहेज कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक जिले के वनांचल ईलाकों से लेकर शहरी क्षेत्रों में अभी भी कार्यवाही के आभाव में धड़ल्ले से माल वाहक वाहनो में सवारी ढोने का काम चल रहा है।



**प्रधान जिला न्यायाधीश सत्यभामा अजय दुबे ने किया उद्घाटन**

# नेशनल लोक अदालत : 14 करोड़ से अधिक के प्रकरण निराकृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नेशनल लोक अदालत का भव्य शुभारंभ आज कबीरधाम जिले में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के करकमलों से किया गया। उन्होंने न्यायालय परिसर के एडीआर भवन में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर लोक अदालत का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर खंडपीठों के अन्य पीठासीन न्यायिक अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित इस नेशनल लोक अदालत में जिले में कुल 9 खंडपीठों का गठन किया गया था। जिसमें न्यायिक अधिकारियों ने विभिन्न प्रकृति के प्रकरणों का निपटारा आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से कराया। लोक अदालत में कुल 24,773 प्रकरणों का निराकरण हेतु रखा गया था, जिनमें प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व वाद) के 23,966 और न्यायालयों में लंबित 1,724 प्रकरण शामिल थे। लोक अदालत में कुल राशि 14 करोड़ 52 लाख 36 हजार 690 रूपए के प्रकरणों का सफलतापूर्वक सेटलमेंट हुआ। मोटर दावा दुर्घटना के रखे गए 14 प्रकरणों में से 6 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 35 लाख 90 हजार रूपए की अवार्ड राशि आदेशित की गई। वहीं, कुटुंब न्यायालय के 42 प्रकरणों में से 32 मामलों का समाधान कर 7 लाख 48 हजार 800 रूपए का सेटलमेंट कराया गया। लिखत परक्राम्य अधिनियम के तहत चेक बाउंस के 43 मामलों में से 19 का निराकरण करते हुए 21 लाख 70 हजार 34 रूपए का समझौता कराया गया। राजस्व न्यायालयों में रखे गए 18,825 प्रकरणों में से 13 करोड़ 60 लाख 88 हजार 871 रूपए के मामलों का निपटारा किया गया। विद्युत विभाग के 4,152 प्रकरणों में 1 लाख 52 हजार 576 रूपए, जबकि बैंक, दूरभाष और जलकर से जुड़े मामलों में कुल 1 लाख 1 हजार 535 रूपए का सेटलमेंट किया गया। प्रारंभिक स्तर (प्रीलिटिगेशन) पर रखे गए 23,966 प्रकरणों में कुल 13 करोड़ 36 लाख 47 हजार 125 रूपए की वसूली कराई गई। लोक अदालत में सुलह-समझौते से संतुष्ट पक्षकारों को मौके पर ही फलदार पौधे वितरित कर उनका अभिनंदन भी किया गया। गौरतलब है कि लोक अदालत में मोटर दुर्घटना, विद्युत, बैंक ऋण, दूरभाष, जलकर और राजस्व से जुड़े राजीनामा योग्य

# यामिनी छत्तीसगढ़ की अंडर 15 क्रिकेट टीम में चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा की बेटी यामिनी पांडेय का चयन छत्तीसगढ़ की अंडर 15 क्रिकेट टीम में हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत दिनों छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा अंडर 15 बालिकाओं के लिए ट्रायल का आयोजन राजनांदगांव में किया गया था। जिसमें कबीरधाम जिले की यामिनी ने भी भाग लिया था। यामिनी मुख्य तौर पर सलामी बल्लेबाजी करती है और ट्रायल में उन्होने अपने बल्ले से उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। उसी दौरान उनसे मीडियम पेस गेंदबाजी के लिए कहा गया और उन्होंने 3 से 4 गेंदे फेंकी जो वहां मौजूद चयनकर्ताओं को पसंद आई इसके बाद उनसे 7 से 8 ओवर तक गेंदबाजी कराई गई और उनकी गेंदबाजी को सराहा गया जिसके बाद यामिनी का चयन आलराउंडर के तौर पर किया गया। यहां बताना लाजिमी होगा कि यामिनी पाण्डेय शहर के अशोका पब्लिक स्कूल की छात्रा है और इस वर्ष सातवीं की पढ़ाई करेगी। इनके पिता नगर सैनिक है वही माता पटवारी के पद पर कार्यरत है। वे यामिनी की प्रतिभा को निखारने का श्रेय जिला क्रिकेट संघ के सचिव बलबीर खनूजा एवं कोच अविनाश एवं राजा को देते है। परिजनो से मिली जानकारी के अनुसार यामिनी घर में भी प्रतिदिन 5 से 6 घंटे अभ्यास करती है और पढ़ाई में भी आगे है। यामिनी आगे बढ़कर छत्तीसगढ़ की टीम में फिर अपने आप को भारतीय टीम की नीली जर्सी में देखना चाहती है और जिले राज्य एवं देश का नाम रौशन करना चाहती है । इस उपलब्धि पर जिला क्रिकेट संघ कवर्धा एवं अशोका पब्लिक स्कूल प्रशासन ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

